सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन

2018–19

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग
उदयपुर

1, सहेली मार्ग, चेतक सर्कल, उदयपुर (राज.)
EPABX : 2428721–24 फेक्स : 0294–2411417
ई–मेल : comm.tad@rajasthan.gov.in, Website : www.tad.rajasthan.gov.in

SCHEDULED AREA OF RAJASTHAN

(As per Notification of Govt. of India 2018)



विषय–सूची

क्र.सं.	अध्याय	पृष्ठ संख्या
1.	अनुसूचित जनजातियॉं, अनुसूचित क्षेत्र और जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग	3–10
2.	जनजाति विकास के प्रमुख कार्यक्रम/योजनाऐं	11–25
3.	जनजाति विकास के लिए विभिन्न योजनाऐं	26–46
4.	माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर	47–49
5.	राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लि0, उदयपुर	50–55
6.	स्वच्छता, जल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना, उदयपुर (स्वच्छ परियोजना)	56–64
7.	अनुसूचित जनजातियों/अनुसूचित क्षेत्र से संबंधित अधिनियम/ नियम/परिपत्र	65–70

परिशिष्ठ

1.	अनुसूचित क्षेत्र की जनसंख्या का विवरण	71
2.	अनुसूचित क्षेत्र के विस्तार के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 19.05.2018	72–75
3.	माडा क्षेत्र एवं माडा कलस्टर क्षेत्र की जनसंख्या का विवरण	76–77
4.	बिखरी जनजाति की जनसंख्या का विवरण	78
5.	सहरिया क्षेत्र की जनसंख्या का विवरण	79
6.	राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद नियम, 1980 में संशोधन की अधिसूचना दिनांक 15.06.16	80
7.	विभाग द्वारा संचालित आश्रम एवं बहुउद्देशीय छात्रावासों की सूची	81–94
8.	विभाग द्वारा संचालित आवासीय छात्रावासों, खेल छात्रावास, एकलव्य मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल स्कूल, कॉलेज छात्रावासों में प्रवेश एवं क्षमता का विवरण व सूची	95–97
9.	अनुसूचित क्षेत्र में राज्य सेवा के अतिरिक्त अन्य सभी राजकीय सेवाओं पदो पर सीधी भर्ती में अनुसूचित क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के अभ्यार्थियों का आरक्षण संबंधी अधिसूचना दिनांक 04.07.2016	98–99
10.	अनुसूचित क्षेत्रों में राज्य सेवाओं को छोडकर अन्य सभी राजकीय सेवाओं के पदों पर पदोन्नति में अनुसूचित क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के कार्मिकों को 45 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति के कार्मिक को 5 प्रतिशत आरक्षण की अधिसूचना दिनांक 04.07.16	100

11.	सम्पूर्ण राज्य में शैक्षणिक संस्थाओं में अनुसूचित जनजाति वर्ग को देय 12 प्रतिशत आरक्षण में से 45 प्रतिशत स्थान अनुसूचित क्षेत्र के जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किये जाने की विभिन्न विभागों के आदेश की प्रतियां	101–110
12.	सहरिया क्षेत्र में आरक्षण संबंधी कार्मिक (क–2) विभाग की अधिसूचना दिनांक 21.05.2013	111–112

अध्याय – 1
अनुसूचित जनजातियाँ, अनुसूचित क्षेत्र और जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग

स्थापना

भारतीय संविधान की अनुसूची 5 में अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण हेतु राज्य की कार्यपालिका की शक्तियों का विस्तार किया गया है, इन्ही शक्तियों के आधार पर राजस्थान में जनजाति समुदाय के समग्र विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1975 में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की स्थापना की गयी। जिससे एक समन्वित और सुनियोजित तरीके से अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिये कार्यक्रमों की समग्र नीति निर्माण, योजना, क्रियान्वयन और समन्वय किया जा सकें।

उद्देश्य

विभाग की स्थापना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के समेकित सामाजिक आर्थिक विकास पर अधिक ध्यान केन्द्रित करना एवं अनुसूचित क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न योजनाओं का निर्माण, समन्वय, नियंत्रण एवं निर्देशन कर जनजातियों का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विकास करना तथा जनजाति वर्ग के जीवन स्तर को उन्नयन करना है।

अनुसूचित क्षेत्र

संविधान की पांचवी अनुसूची के भाग–ग के अनुसार **"अनुसूचित क्षेत्र"** पद से ऐसे क्षेत्र अभिप्रेत है, जिन्हें राष्ट्रपति आदेश द्वारा अनुसूचित क्षेत्र घोषित करें।

भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 12.02.1981 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 19.05.2018 से विनिर्दिष्ट क्षेत्रों को राजस्थान राज्य के भीतर अनुसूचित क्षेत्र के रूप में घोषित किया है।

अनुसूचित जनजाति

"अनुसूचित जनजातियॉ" शब्द की परिभाषा संविधान के अनुच्छेद 366 (25) में इस प्रकार की गई है, **"ऐसी जनजातियों या जनजातीय समुदायों के अंतर्गत भागों या समूहों, जिन्हे संविधान के प्रयोजन के लिये अनु. 342 के अंतर्गत अनुसूचित जनजातियॉ होना समझा जाता है।"**

राजस्थान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (संशोधन) अधिनियम 1976 के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की सूची –

क.सं.	अनुसूचित जनजातियां
1.	भील, भील गरासिया, ढोली भील, डूंगरी भील, डूंगरी गरासिया, मेवासी भील, रावल भील, तड़वी भील, भगालिया, भिलाला, पावरा, वसावा, वसावें
2.	भील मीना
3.	डामोर, डामरिया
4.	धनका, तडवी, वलवी, तेतारिया
5.	गरासिया (राजपूत, गरासिया को छोडकर)
6.	काथोडी, कातकरी, ढोर काथोडी, ढोर कातकरी, सोन काथोडी, सोन कातकरी
7.	कोकना, कोकनी, कूकना
8.	कोली ढोर, टोकरे कोली, कोलचा, कोलघा
9.	मीना
10.	नायकडा, नायका, चोलीवाला नायका, कापडिया नायका, मोटा नायका, नाना नायका
11.	पटेलिया
12.	सेहरिआ, सेहारिआ, सहारिया

भारतीय संविधान की अनुसूची 5 के तहत भारत के निम्न राज्यों में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है, जो कि वर्तमान में उनके मूल अथवा संशोधित रूप में है–

क्र.सं.	राज्य का नाम	अधिसूचना जारी होने की दिनांक	आदेश
1.	आन्ध प्रदेश एवं तेलगांना	26.01.1950 07.12.1950	अनुसूचित क्षेत्र (भाग अ राज्य) आदेश, 1950 अनुसूचित क्षेत्र (भाग ब राज्य) आदेश, 1950
2.	हिमाचल प्रदेश	21.11.1975	अनुसूचित क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश) आदेश, 1975
3.	गुजरात	31.12.1977	अनुसूचित क्षेत्र (गुजरात) आदेश, 1977
4.	उडीसा	31.12.1977	अनुसूचित क्षेत्र (उडीसा) आदेश, 1977
5.	राजस्थान	12.02.1981 19.05.2018	अनुसूचित क्षेत्र (राजस्थान) आदेश, 1981, संशोधित अनु0 क्षेत्र (राजस्थान) आदेश 2018
6.	महाराष्ट्र	02.12.1985	अनुसूचित क्षेत्र (महाराष्ट्र) आदेश, 1985
7.	छत्तीसगढ	20.02.2003	अनुसूचित क्षेत्र (छत्तीसगढ) आदेश, 2003
8.	मध्यप्रदेश	20.02.2003	अनुसूचित क्षेत्र (मध्यप्रदेश) आदेश, 2003
9.	झारखण्ड	11.04.2007	अनुसूचित क्षेत्र (झारखण्ड) आदेश, 2007

जनजाति विकास के लिये निम्नानुसार कार्यक्षेत्र का निर्धारण किया गया–

अ. अनुसूचित क्षेत्र

ब. परावर्तित क्षेत्र विकास उपागमन (माडा)

स. माडा कलस्टर योजना क्षेत्र

द. बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र

य. सहरिया आदिम जाति क्षेत्र

अ. अनुसूचित क्षेत्र

राज्य के दक्षिण में स्थित 8 जिलों की 45 तहसीलों के 5696 ग्रामों को मिलाकर अनुसूचित क्षेत्र निर्मित किया गया है जिसमें जनजातियों का सघन आवास है। वर्ष 2011 की जनगणनानुसार इस क्षेत्र की जनसंख्या 64.64 लाख है जिसमें जनजाति जनसंख्या 45. 52 लाख है, जो इस क्षेत्र की जनसंख्या का 70.42 प्रतिशत है।

अनुसूचित क्षेत्र की अधिसूचना दिनांक 19.5.2018 के पश्चात 8 जिलों में से बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ के सम्पूर्ण जिले, उदयपुर, सिरोही, राजसमन्द, चित्तौड़गढ, पाली जिले के आंशिक क्षेत्र को सम्मिलित किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

- **बांसवाडा** जिले की सम्पूर्ण 11 तहसील,
- **डूंगरपुर** जिले की सम्पूर्ण 9 तहसील,
- **प्रतापगढ** जिले की सम्पूर्ण 5 तहसील,
- **उदयपुर** (कुल 14 तहसील)– 9 पूर्ण तहसील क्रमशः कोटडा, झाडोल, (तत्कालीन फलासिया), लसाड़िया, सलुम्बर, सराड़ा, खेरवाड़ा, ऋषभदेव, गोगुन्दा, सेमारी तहसील। गिर्वा तहसील की सम्पूर्ण गिर्वा पंचायत समिति, बडगांव तहसील के 35 गांव एवं वल्लभनगर तहसील के 5 गांव, भीण्डर तहसील के 17 गांव व मावली तहसील के 4 गांव।
- **सिरोही** – आबूरोड तहसील का सम्पूर्ण क्षेत्र एवं पिण्डवाडा तहसील के 51 गांव।
- **राजसमन्द** जिले की नाथद्वारा तहसील के 15 गांव व कुम्भलगढ तहसील के 16 गांव।
- **चित्तौडगढ** जिले की बडीसादडी तहसील के 51 गांव
- **पाली** जिले की बाली तहसील के 33 गांव सम्मिलित है।

इस क्षेत्र में आवासित जनजाति में भील, मीणा, गरासिया व डामोर प्रमुख है। तहसीलवार व जिलेवार जनसंख्या तथा क्षेत्र का विवरण **परिशिष्ठ–1** पर उपलब्ध है ।

अनुसूचित क्षेत्र के विस्तार के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 19.05.18 की प्रति **परिशिष्ठ–2** पर संलग्न है।

ब. परावर्तित क्षेत्र विकास उपागमन (माडा)

अनुसूचित क्षेत्र के अतिरिक्त जनजाति व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु जिले को एक इकाई मानते हुए प्रत्येक लघु खण्ड की कुल जनसंख्या 10,000 या इससे अधिक तथा उसमें निवास करने वाली जनजाति की जनसंख्या 50 प्रतिशत हो तथा गांव एक दूसरे से जुडे हुए हो व सीमा पर स्थित सभी ग्रामों में 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी हो, के आधार पर माडा क्षेत्र बनाया गया है।

इस योजना के अंतर्गत 18 जिलों में 44 माडा लघु खण्डों का गठन किया है, जिसमें 3258 ग्राम सम्मिलित है। 2011 की जनगणनानुसार इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या 29.67 लाख है, जिसमें जनजाति जनसंख्या 15.89 लाख है जो इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 53.56 प्रतिशत है। इसमें वर्ष 2001–2011 के बीच माडा क्षेत्र के ग्रामो से टूटकर बने नवीन राजस्व ग्रामों का विवरण सम्मिलित नही है। इस क्षेत्र में मीणा जनजाति का बाहुल्य है। जिलेवार माडा खण्डों की जनसंख्या का विवरण **परिशिष्ठ–3** पर उपलब्ध है।

स. माडा कलस्टर योजना क्षेत्र

ऐसे कलस्टर जिनकी कुल जनसंख्या 5000 या इससे अधिक है तथा जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या जनजाति की है, में माडा कलस्टर योजना लागू की जाकर विकास कार्यक्रम कियान्वित किये जा रहे है। राज्य के 8 जिलों में 11 माडा कलस्टर्स स्वीकृत है जिसमें 159 ग्राम सम्मिलित है। जनगणना 2011 के अनुसार माडा कलस्टर क्षेत्र की जनसंख्या 1.21 लाख है जिसमें से जनजाति जनसंख्या 0.67 लाख है जो कलस्टर्स की कुल जनसंख्या का 55.84 प्रतिशत है। इसमें वर्ष 2001–2011 के बीच माडा कलस्टर क्षेत्र के ग्रामो से टूटकर बने नवीन राजस्व ग्रामों का विवरण सम्मिलित नही है। जिलेवार माडा कलस्टर का विवरण **परिशिष्ठ– 3** पर उपलब्ध है ।

द. बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र

अनुसूचित क्षेत्र, माडा लघु खण्ड, माडा कलस्टर एवं सहरिया क्षेत्र के अतिरिक्त 29. 28 लाख जनजाति के व्यक्ति 30 जिलों में बिखरे हुए है । जिलेवार बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र जनसंख्या **परिशिष्ठ–4** पर उपलब्ध है।

य. सहरिया आदिम जाति क्षेत्र

राज्य की एक मात्र आदिम जाति सहरिया है जो बांरा जिले की किशनगंज एवं शाहबाद तहसीलों में निवास करती है। उक्त दोनों ही तहसीलों के क्षेत्रों को सहरिया क्षेत्र में सम्मिलित किया जाकर सहरिया वर्ग के विकास के लिये सहरिया विकास समिति का गठन किया गया है। सहरिया आदिम जाति की जनसंख्या का विवरण माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर द्वारा वर्ष 2002 में किये गये सर्वे रिपोर्ट से लिया गया है। सहरिया आदिम जाति क्षेत्र का पंचायत समितिवार विवरण **परिशिष्ठ–5** पर उपलब्ध है ।

जनजातीय विकास कार्यकमों का वित्त पोषण

जनजातीय विकास के लिये निधियॉ निम्नलिखित स्त्रोतों से आती है :–

- राज्य योजना में जनजाति कल्याण निधि
- राज्य योजना प्रवाह
- संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुदान
- विशेष केन्द्रीय सहायता
- केन्द्रीय प्रवर्तित योजना
- सेन्ट्रल सेक्टर योजना

राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद (T.A.C.)

संविधान की अनुसूची 5 के पैरा 4 पार्ट बी के अनुसार प्रत्येक राज्य में जिसमें अनुसूचित क्षेत्र है उसमें एक अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद का प्रावधान है।

इस परिषद के गठन का उद्धेश्य जनजाति विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा करना एवं नई योजनाओं के लिए परामर्श देना है तथा राज्य की अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और उन्नति से संबंधित ऐसे विषयों पर सलाह देना है जो राज्यपाल उन्हें निर्दिष्ट करें।

राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद नियम, 1980 के नियम 3(2) में अधिसूचना दिनांक 15.06.16 से संशोधन किया जाकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को पदेन अध्यक्ष एवं मंत्री/राज्यमंत्री जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग को पदेन उपाध्यक्ष होने का प्रावधान किया गया है। संशोधन किये जाने की अधिसूचना **परिशिष्ठ–6** पर उपलब्ध है।

प्रशासकीय संगठन एवं विभागीय ढाँचा

जनजाति कल्याण एवं विकास के प्रभारी मंत्री जनजाति विकास मंत्री है। कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिये एक प्रशासनिक संगठन आवश्यक है। इसके लिये विभिन्न स्तरों पर जनजाति क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत राज्य स्तर पर प्रशासनिक नियंत्रण राज्य सरकार के अधीन होता है जिसके प्रशासनिक प्रभारी प्रमुख शासन सचिव, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जयपुर है। वे जनजाति विकास कार्यक्रमों का समन्वय, समीक्षा एवं प्रबोधन करते है। उनकी सहायता के लिये सचिवालय स्तर पर संयुक्त शासन सचिव एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत है।

जनजाति विकास की योजनाओं के निर्माण, क्रियान्वयन एवं प्रबोधन के लिये जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग का मुख्यालय उदयपुर में स्थित है। इसके विभागाध्यक्ष आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग है। आयुक्त की सहायता के लिये 3 अतिरिक्त आयुक्त एवं उप निदेशक (सु.व्य.) पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा/राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तथा विभिन्न विषय विशेषज्ञों के रूप में वित्तीय सलाहकार, निदेशक (सांख्यिकी), संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी), संयुक्त निदेशक (कृषि), अधीक्षण अभियन्ता, उप निदेशक (तकनीकी शिक्षा), उप निदेशक (शिक्षा), 2 उप निदेशक (सांख्यिकी), एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक), अधिशाषी अभियन्ता, सहायक निदेशक (सांख्यिकी), सहायक विधि परामर्शी, कनिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, निजी सचिव, खेल अधिकारी तथा 3 सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I प्रशासनिक अधिकारी के पद सृजित है।

विभाग में सृजित एवं पदस्थापित अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण 31.12.18

क्र.सं.	पद का नाम	सृजित पदों की संख्या	पदस्थापित	रिक्त पद
1	आयुक्त	1	1	0
2	संयुक्त शासन सचिव	1	1	0
3	अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम)	1	0	1
4	अतिरिक्त आयुक्त (द्वितीय)	1	1	0
5	अतिरिक्त आयुक्त (तृतीय)	1	1	0
6	निदेशक, टीआरआई	1	1	0
7	निदेशक (सांख्यिकी)	2	2	0
8	वित्तीय सलाहकार	1	1	0
9	संयुक्त निदेशक (कृषि)	1	1	0
10	अधीक्षण अभियन्ता	1	1	0
11	संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी)	3	3	0
12	उप निदेशक (सुरक्षात्मक व्यवस्थापन)	1	1	0
13	उप निदेशक (तकनीकी शिक्षा)	1	1	0
14	उप निदेशक (शिक्षा)	1	1	0
15	उप निदेशक (सांख्यिकी)	3	1	2
16	एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उपनिदेशक)	1	1	0
17	अधिशाषी अभियन्ता	1	1	0
18	परियोजना अधिकारी	5	3	2
19	अतिरिक्त कलक्टर एवं परियोजना अधिकारी	1	1	0
20	वरिष्ठ लेखाधिकारी	1	1	0
21	सह–आचार्य	1	0	1
22	व्याख्याता	1	1	0
23	सहायक निदेशक (सांख्यिकी)	2	2	0
24	सहायक अभियन्ता	5	1	4
25	सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I	3	1	2
26	कनिष्ठ अनुसंधान अधिकारी	1	0	1
27	सहायक विधि परामर्शी	1	1	0
28	निजी सचिव	1	1	0
29	खेल अधिकारी	1	1	0
30	अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (बालक)	5	3	2
31	अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (बालिका)	4	3	1
32	कनिष्ठ अभियन्ता	1	0	1
33	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	1	1	0
34	प्रशासनिक अधिकारी	1	0	1
35	अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी	4	1	3
36	वरिष्ठ निजी सहायक	1	1	0
37	निजी सहायक	1	1	0
38	कलाकार	1	1	0
39	पुस्तकालयाध्यक्ष	1	0	1
40	सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II	11	4	7
41	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	14	2	12
42	अनुसंधान सहायक	11	5	6
43	कनिष्ठ लेखाकार	8	3	5

44	आशु लिपिक	10	5	5
45	प्रोग्रामर	1	1	0
46	सहायक प्रोग्रामर	2	0	2
47	सूचना सहायक	10	2	8
48	वरिष्ठ सहायक	23	16	7
49	कृषि पर्यवेक्षक	2	0	2
50	कम्पाईलर	11	4	7
51	टेलीफोन ऑपरेटर	1	1	0
52	कनिष्ठ सहायक	28	14	14
53	इलेक्ट्रीशियन	1	1	0
54	वाहन चालक	6	3	3
55	जमादार	1	0	1
56	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	49	33	16
57	चौकीदार	5	5	0
58	बागवान	1	1	0
59	फर्राश	3	2	1
	योग	**263**	**146**	**117**

अध्याय – 2

जनजाति विकास के प्रमुख कार्यक्रम/योजनाऐं

1. आश्रम छात्रावासों का संचालन

जनजाति छात्र–छात्राएं उनके निवास स्थान के नजदीक वांछित स्तर का विद्यालय नहीं होने की स्थिति में तथा उनके परिवारों की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण दूर–दराज के विद्यालयों में अध्ययन जारी नहीं रख पाते हैं। अतः ऐसे छात्र–छात्राएं अध्ययन जारी रख सकें, इस उद्देश्य से विभाग द्वारा 367 आश्रम छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। जिनमें 23962 छात्र/छात्राओ को प्रवेश दिया जाकर लाभान्वित किया जा रहा है। इन छात्रावासों में 2000/– रू प्रतिमाह प्रति छात्र–छात्रा की दर से निःशुल्क आवास, भोजन, पोशाक एवं अन्य सुविधाऐं उपलब्ध करायी जाती है। आश्रम छात्रावासों में कार्यरत अधीक्षक एवं कोच को 15 प्रतिशत विशेष भत्ता एवं 10 प्रतिशत मकान किराया भत्ता दिया जा रहा है। छात्रावासों में प्रवेश क्षमता की जिलेवार सूची **परिशिष्ठ–7** पर है।

राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास, मेवाडा, डूँगरपुर

2. आवासीय विद्यालय संचालन योजना

अनुसूचित, माडा तथा सहरिया क्षेत्र के जनजाति छात्र–छात्राओं में शिक्षा के उन्नयन हेतु भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। आवासीय विद्यालयों में स्वीकृत शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक पदों पर शिक्षा विभाग से कर्मचारियों/ अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन पर लिये जाकर अध्ययन व्यवस्था संचालित की जा रही है। इन आवासीय विद्यालयों में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर का पैटर्न संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में विभाग द्वारा 13 आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 2600 छात्र/छात्राऐं लाभान्वित हो रहे है। आवासीय विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को 15 प्रतिशत विशेष भत्ता दिया जा रहा है। आवासीय विद्यालयों की सूची परिशिष्ठ–8 पर संलग्न है।

राजकीय जनजाति आवासीय विद्यालय, खेरवाडा

3. मॉडल पब्लिक रेजीडेन्शियल स्कूल संचालन

अनुसूचित क्षेत्र में दो मॉडल पब्लिक रेजीडेन्शियल स्कूल, ढीकली जिला उदयपुर (बालिका) एवं सूरपुर जिला डूंगरपुर (बालक) का संचालन किया जा रहा है। दोनों स्कूलों की कुल क्षमता 700 छात्र–छात्रा है जिसके विरूद्ध शिक्षा सत्र 2018–19 में 672 छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिया गया है।

मॉडल पब्लिक रेजीडेन्शियल स्कूल, ढीकली, उदयपुर

4. एकलव्य मॉडल रेजीडेन्शियल पब्लिक स्कूल संचालन

विभाग द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में 10, माडा क्षेत्र में 6 एवं सहरिया क्षेत्र में 1 एकलव्य मॉडल रेजीडेन्शियल पब्लिक स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उक्त स्कूलों की कुल प्रवेश क्षमता 5370 छात्र–छात्रा के विरूद्ध शिक्षा सत्र 2018–19 में कुल 4772 छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिया गया है। सूची परिशिष्ठ–8 पर संलग्न है।

5. बहुउद्देशीय छात्रावासों का संचालन

राज्य की अनुसूचित जनजाति की छात्राएं जो दूर–दराज के क्षेत्र की निवासी है एवं शहर में रहकर पी.एच.डी., नीट (NEET), पी.टी.ई.टी., आई.आई.टी., ए.आई.ई.ई.ई., पी.ई.टी. व प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु कमरा किराया लेकर अध्ययन करने में असमर्थ है, उन्हें निःशुल्क आवासीय व भोजन की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के प्रयोजनार्थ जिला मुख्यालय उदयपुर में 150 बालिकाओं की क्षमता एवं कोटा, बांरा, डूंगरपुर, बांसवाडा व प्रतापगढ जिला मुख्यालय पर 100–100 बालिकाओं की क्षमता वाले बहुउद्देशीय छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। सूची परिशिष्ठ–8 पर संलग्न है।

6 कॉलेज छात्रावासों का संचालन

अनुसूचित क्षेत्र के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राएं जों दूर–दराज क्षेत्र की निवासी है एवं महाविद्यालय स्थल पर मकान किराये पर लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ है। ऐसे छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय स्थल पर निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने के प्रयोजनार्थ कॉलेज छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में बांसवाड़ा में 3, डूँगरपुर एवं प्रतापगढ़ में 2–2, कुल 7 कॉलेज छात्रावासों का संचालन विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिनकी कुल छात्र क्षमता 350 छात्र/छात्राओं की है। इन छात्रावासों में निवासरत् छात्र/ छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क आवास, अल्पाहार एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

7. आश्रम छात्रावासों में विशेष कोचिंग योजना

आश्रम छात्रावासों के कक्षा 6 से 12 वीं के छात्र–छात्राओं को आश्रम छात्रावास में ही विषय विशेषज्ञ के माध्यम से कठिन विषयों की कोचिंग कराई जाती है ताकि छात्र–छात्राऐं कठिन विषयों की अच्छी तैयारी कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो सकें। कक्षा 10 वीं में अंग्रेजी, विज्ञान एवं गणित तथा कक्षा 12 में कला वर्ग में अनिवार्य अंग्रेजी व ऐच्छिक अंग्रेजी, वाणिज्य वर्ग में अनिवार्य अंग्रेजी तथा

तीनों ऐच्छिक विषय तथा विज्ञान वर्ग में अनिवार्य अंग्रेजी तथा चारों ऐच्छिक विषयों की कोचिंग कराई जाती है।

8. आश्रम छात्रावासों के छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक भ्रमण योजना

जनजाति छात्र–छात्राओं को शहरी, वैज्ञानिक, पर्यावरणीय व आधुनिक ज्ञान उपलब्ध कराने की दृष्टि से छात्रावासों के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराये जाने हेतु यह योजना संचालित की जा रही है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कम से कम राजस्थान के शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर छात्र–छात्राओं को भ्रमण कराते हुए जनजाति छात्र–छात्राओं की जिज्ञासा पूरी करने का प्रयास किया जाता है। इसका मूल उद्देश्य जनजाति के छात्र–छात्राओं को स्मारकों के बारे में ज्ञान प्राप्त कराना ताकि वे राष्ट्रीय विकास की धारा से रूबरू होकर ज्ञान में सुधार ला सकें और व जागरूक तथा जिम्मेदार नागरिक बन सके। भ्रमण से उन्हें भौगोलिक परिस्थितियों का ज्ञान प्राप्त हो सकेगा। यह भ्रमण कार्यक्रम सात दिवसीय होता है जिसमें भोजन, नाश्ता के अतिरिक्त छात्र–छात्राओं को दर्शनीय स्थानों का टिकट एवं ठहरने की व्यवस्था, स्टेशनरी, बसों के किराये का प्रावधान किया गया है।

9. छात्रगृह किराया योजना (केवल राजकीय महाविद्यालय/विश्व विद्यालय के छात्र–छात्राओं हेतु)

इस योजनान्तर्गत **अनुसूचित क्षेत्र के** जनजाति के ऐसे छात्र–छात्राऐं जो राजकीय महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में पढते हैं, उनमें से जिन छात्र–छात्राओं को छात्रावास में स्थानाभाव के कारण आवासीय सुविधा नहीं मिल पाती है और वह किराये के मकान में रहकर नियमित अध्ययन करते हैं, उनको इस योजनान्तर्गत आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। पैटर्न अनुसार मकान किराया की राशि निम्नानुसार पुनर्भरण की जाती है–

क्र. सं.	स्थान	अवधि	दर प्रतिमाह प्रति छात्र–छात्रा	राशि (10 माह की राशि)
1	संभाग मुख्यालय	10 माह तक	500.00	5000.00
2	जिला मुख्यालय	10 माह तक	400.00	4000.00
3	अन्यत्र स्थान	10 माह तक	300.00	3000.00

जिन छात्र–छात्राओं के माता–पिता आयकरदाता है, उन्हें यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। छात्राएं अनुसूचित क्षेत्र की मूल निवासी होने तथा राज्य में ही अध्ययनरत रहने पर ही योजना का लाभ देय होगा।

10. बोर्ड एवं विश्वविद्यालय में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण जनजाति प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति

वर्ष 1993–94 से यह योजना प्रारम्भ की गई। जनजाति के ऐसे प्रतिभावान छात्र जिन्होंने राजस्थान से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है तथा विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा में भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होते हैं उन्हें राशि रू 350/– प्रति छात्र प्रतिमाह की दर से 10 माह तक छात्रवृत्ति दी जाती है।

11. जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता (निजी एवं राजकीय महाविद्यालय स्तर की छात्राओं के लिए)

जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 1994–95 में यह योजना प्रारम्भ की गई। योजना का लाभ उन छात्राओं को प्राप्त होगा जो राज्य की मूल निवासी हों और महाविद्यालय (सामान्य शिक्षा) में नियमित रूप से अध्ययनरत हों। योजनानुसार प्रत्येक अध्ययनरत छात्रा को राशि रू 500/– प्रतिमाह की दर से 10 माह तक (5000/– रू एकमुश्त) आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में उन्हीं छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जाती है जिन्होंने महाविद्यालय में पिछली परीक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेश लिया हो साथ ही आर्थिक सहायता केवल उन्हीं छात्राओं को देय होगी जिनके माता–पिता आयकरदाता नहीं हैं। छात्राएं राज्य की मूल निवासी होने तथा राज्य में ही अध्ययनरत रहने पर ही योजना का लाभ देय होगा।

12. जनजाति छात्राओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता

कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं में अध्ययन करने वाली जनजाति छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से वर्ष 2010–11 से यह योजना प्रारम्भ की गई। योजना का लाभ उन छात्राओं को प्राप्त होगा जो राज्य की मूल निवासी हों और राजकीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में

नियमित रूप से अध्ययनरत हों। योजनानुसार प्रत्येक अध्ययनरत छात्रा को राशि रू 350/– प्रतिमाह की दर से 10 माह तक (3500/– रू एकमुश्त) आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में उन्हीं छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जाती है जिनके माता–पिता आयकरदाता नहीं हैं। छात्राओं के राज्य की मूल निवासी होने तथा राज्य में ही संचालित राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत रहने पर योजना का लाभ देय होगा।

13. जनजाति के कक्षा 6 से 12 तक चयनित छात्र–छात्राओं को प्रतिष्ठित विद्यालयों/ संस्थाओं के माध्यम से अध्ययन योजना

सामान्यतया जनजाति छात्र–छात्राऐं आर्थिक दृष्टि से कमजोर होने के कारण प्रतिष्ठित एवं अच्छी शिक्षा देने वाले निजी शैक्षिक विद्यालयों/संस्थाओं में अध्ययन नहीं कर पाते हैं। इसलिए राज्य की कतिपय श्रेष्ठ शैक्षिक संस्थाओं में जनजाति छात्रों को सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ अध्ययन कराने एवं इन्हें गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिलवाये जाने हेतु योजना प्रारम्भ की गई। उक्त योजना के अन्तर्गत ट्यूशन फीस, आवास, भोजन, पुस्तकें, स्टेशनरी एवं पौशाक आदि हेतु राशि स्वीकृत की जाती है जो राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है।

14. निःशुल्क स्कूटी वितरण योजना

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में जनजाति छात्राऐं जिन्होंने राजकीय विद्यालयों में अध्ययन कर कक्षा 10वीं एवं 12 वीं परीक्षा में प्रथम प्रयास में 65 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किये हो, उन्हे विभाग द्वारा निःशुल्क स्कूटी वितरण की जाती है। जिस छात्रा ने कक्षा 10वीं में स्कूटी प्राप्त कर ली है तथा कक्षा 12 वीं मे भी 65 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किया हो तो उसे स्नातक कक्षा में प्रवेश लेने पर प्रथम वर्ष में राशि रू 20,000/– तथा स्नातक के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में क्रमश न्यूनतम 48 प्रतिशत अंक लाने पर राशि रू 10,000/–, 10,000/– नकद दी जाती है। वर्ष 2013–14 से योजना का विस्तार सम्पूर्ण गैर अनुसूचित क्षेत्र में भी कर दिया गया है। इस योजना में उन्हीं छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी दी जाती है जिनके माता–पिता आयकरदाता नहीं हैं, जो राज्य की मूल निवासी हो तथा जो आगे सामान्य शिक्षा में निरन्तर अध्ययनरत हो।

निःशुल्क स्कूटी वितरण

15. पेयजल योजना

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग द्वारा 750 से अधिक (जनजाति अनुसूचित क्षेत्र) एवं 1500 से अधिक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) की जनसंख्या वाले ग्रामों में पेयजल सुविधा हेतु पम्प एण्ड टेंक निर्माण की योजना संचालित की जाती है।

जनजाति लोग बिखरी आबादी में छितराऐं हुए रहते है। छितराई आबादी होने से जनजाति उपयोजना क्षेत्र में अधिसंख्य ग्राम जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के इस नार्म्स के अन्तर्गत नहीं आते हैं जिससे उक्त योजना की कियान्विति इन ग्रामों में नहीं कर पाता है। अतः इस प्रकार की वंचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों/ढाणियों में पम्प एण्ड टेंक योजना, पाईप्ड योजना, पनघट योजना, ट्युबवेल, ओपनवेल मय ऐसेसरिज (विद्युत कनेक्शन सहित), पाईप लाईन घरो में पेयजल, हैण्डपम्प निर्माण कराया जाता है।

16. जिला स्तर पर खेल सुविधाओं का विकास

उपयोजना क्षेत्र में जिला मुख्यालय पर छात्र/छात्राओं को बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेडियम/स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जाता है ताकि जनजाति छात्र/ छात्राओं को राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले सके।

17. राजकीय शिक्षण संस्थाओं मे अतिरिक्त कमरों का निर्माण

राजस्थान राज्य मे कई विद्यालय क्रमोन्नत हुए है एवं नवीन महाविद्यालयो की स्थापना हुई है। विगत वर्षो मे महाविद्यालयो मे भी छात्र/छात्राओ के नामांकन मे वृद्वि हुई है एवं सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित है। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रो के अनुपात मे कमरे निर्मित नही है। ऐसे राजकीय शिक्षण संस्थाओं मे अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जाता है।

18. जनजाति वर्ग के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों का नवीनीकरण एवं विकास

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के माध्यम से उपयोजना क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर दर्शनार्थी के लिए आधारभूत सुविधाओं का निर्माण यथा सामुदायिक भवन, पेयजल, एप्रोच रोड आदि का निर्माण किया जाता है।

19. जलोत्थान सिंचाई योजनाओं का निर्माण एवं बंद पड़ी जलोत्थान सिंचाई योजनाओं का पुनरोद्धार

जनजाति उपयोजना एवं अन्य क्षेत्र के नदी नाले एवं बांधों के बैक वाटर में उपलब्ध पानी का सिंचाई हेतु उपयोग करने के उद्देश्य से इस योजना में विद्युत/सौलर मोटर द्वारा पानी को लिफ्ट किया जाकर सिंचाई क्षेत्रफल में वृद्धि की जाती हैं। योजना का सर्वेक्षण किया जाकर लागत तखमीने तैयार किए जाते है । लागत का 10 प्रतिशत भाग नकद/श्रम के रूप में लाभान्वितों द्वारा वहन किया जाता है एवं 90 प्रतिशत राशि अनुदान के रुप में टीएडी द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं । योजना का कियान्वयन मुख्यतयाः स्वच्छ परियोजना द्वारा तकनीकी दक्ष अधिकारियों की देखरेख में किया जा रहा है। कियान्यन में लाभान्वित काश्तकारों की समिति की भी सहभागिता रहती है। योजना पूर्ण होने पर तीन वर्षो तक कार्यकारी एजेन्सी द्वारा लाभान्वित काश्तकारों की कमेटी के माध्यम से संचालन किए जाने का प्रावधान रखा गया है। तत्पश्चात योजना लाभान्वितो की समिति को संचालन हेतु सौंप दी जायेगी।

विगत वर्षो में निर्मित परन्तु बंद सामुदायिक जलोत्थान सिंचाई योजनाओं का पुनरोद्धार भी इस योजनान्तर्गत उपलब्ध संसाधनों के अनुसार किया जा रहा है।

सचिव जनजाति कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सोलर पम्प जलोत्थान सिचांई योजना सत्तु की पादर का अवलोकन करते हुए

20. नहरो का सुदृढ़ीकरण/विस्तार

जनजाति उपयोजना एवं अन्य क्षेत्र में पूर्व वर्षो में निर्मित वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओ की नहर प्रणालीयॉ क्षतिग्रस्त होती रहती हैं। जल संसाधन विभाग को इन नहर प्रणालियों के रखरखाव एवं संधारण हेतु राज्य आयोजना मद में पर्याप्त निधियॉ उपलब्ध नहीं होने से इनके रख रखाव/संधारण हेतु जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है ताकि जनजाति कृषकों के खेतों की सिंचाई निर्बाध रूप से हो ती रहे । इसके अतिरिक्त जिन नहरों के विस्तार हेतु जल संसाधन विभाग के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होती है उन

नहरों के विस्तार का कार्य भी इस योजनान्तर्गत किया जाता है जिससे अधिकाधिक जनजाति काश्तकार लाभान्वित हो सके एवं सिंचाई के क्षेत्रफल में वृद्धि हो।

21. जल संग्रहण संरचनाओं (एनिकट) का निर्माण एवं पुनरोद्धार

जनजाति उपयोजना एवं अन्य क्षेत्र में अवस्थित नदी व नाले भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अत्यधिक ढलान वाले होने से एक ओर तो वर्षा का जल तीव्र गति से बहकर व्यर्थ चला जाता है तथा दूसरी ओर जनजाति कृषकों की नालों के समीप की भूमि का कटाव भी होता है। अतः उक्त क्षति को रोकने एवं वर्षा के पानी के संग्रहण के उदेदश्य से जल संग्रहण ढ़ॉचों (एनिकट इत्यादि) का निर्माण किया जाता है। जल संग्रहण ढांचों के निर्माण से न केवल क्षेत्र के भू–जल स्तर में वृद्धि होती है बल्कि संग्रहित जल का उपयोग काश्तकारों की कृषि भूमि की सिंचाई के काम में भी लिया जाता है। योजनान्तर्गत पूर्व वर्षो में निर्मित जल संग्रहण ढांचों के सम्पूर्ण उपयोग हेतु उनकी मरम्मत/जीर्णोद्धार के कार्य भी कराये जाते है।

22. कुओ का विद्युतीकरण एवं विद्युत पंपसेट वितरण योजना

इस योजनान्तर्गत जनजाति उपयोजना अनुसूचित क्षेत्र एवं गैर अनुसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति के बी.पी.एल. कृषको के सिंचाई साधनो में सुधार करने हेतु उनके निजी कृषि कूप पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा सिंचाई हेतु विद्युत पंपसेट उपलब्ध कराया जाता है। इस हेतु कृषक की स्वयं की कृषि भूमि होना अनिवार्य है। कृषक द्वारा उसकी भूमि पर विगत कम से कम तीन वर्षो से खेती की जा रही हो। कुंए/जल स्त्रोत पर विद्युत कनेक्शन चाहे जाने पर सम्बन्धित विद्युत वितरण निगम लि. का जारी डिमान्ड नोट की प्रति आवेदन पत्र के साथ आवश्यक है। विद्युत कनेक्शन हेतु अधिकतम 10000 एवं विद्युत पंप हेतु अधिकतम 15000 की राशि योजनान्तर्गत उपलब्ध कराई जाती है।

23. खेल छात्रावासों का संचालन

अनुसूचित क्षेत्र में जनजाति छात्रों को खेल–कूद हेतु प्रोत्साहित करने तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिर्स्पधाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर के खेल छात्रावास पैटर्न पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में 12 खेल छात्रावास/अकादमियों व एक

बहुउद्देशीय खेल छात्रावास का संचालन किया जा रहा हैं। जिनकी प्रवेश क्षमता 875 छात्र/छात्राओं की है । इस शैक्षणिक सत्र 2018–19 में 6 बालिका खेल छात्रावास में 400 बालिकाएं एवं 7 बालक खेल छात्रावास में 475 कुल 875 बालक/बालिकाओं को प्रवेश दिया गया है । खेल छात्रावास में सम्पूर्ण राज्य के कक्षा 6 से 12 वीं तक के जनजाति खिलाड़ी बालकों को प्रवेश दिया जाता हैं। छात्रावास में छात्रों का चयन विशिष्ट प्रकार के बेट्री टेस्ट और कौशल परीक्षणों के आधार पर किया जाता हैं। प्रवेशित छात्रों को अनुमोदित पैटर्न अनुसार भोजन, आवास, विद्यालय पोशाक एवं अन्य सहायक सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इन खेल छात्रावासों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को निकटतम विद्यालयों में नियमित अध्ययन की सुविधा के साथ–साथ खेल छात्रावास की समस्त सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है।

खेल छात्रावास, प्रतापगढ़

24. खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

वितीय वर्ष 2018–19 में तीन दिवसीय चतुर्थ राज्य स्तरीय जनजाति छात्रावास खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रतापगढ मुख्यालय पर कराया गया। प्रतियोगिता में वॉलीबोल, कबड्डी, खो–खो, तीरन्दाजी एवं ऐथेलेटिक्स 100 एवं 200 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। अनुसूचित क्षेत्र एवं गैर अनुसूचित

क्षेत्र में संचालित आवासीय विद्यालयों व आश्रम छात्रावासों का संयुक्त दल एवं खेल छात्रावासों से एक बालक एवं एक बालिका दल ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र–छात्राओं को पुरूस्कार के साथ ही प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया।

25. जनजाति प्रतिभा खेल सम्मान समारोह आयोजन

विभाग द्वारा खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को प्रोत्साहित करने हेतु इस योजना का संचालन किया जा रहा है । योजनान्तर्गत जिला स्तर पर प्रथम स्थान, राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है । साथ ही कार्यक्रम में सम्मानित छात्र–छात्राओं को समारोह स्थल तक आने–जाने के लिए किराये का भुगतान किया जाता है । इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतापगढ मुख्यालय पर दिनांक 29–09–2018 को कराया जाकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया ।

जनजाति प्रतिभा खेल सम्मान समारोह, प्रतापगढ़

26. बेणेश्वर धाम पर जनजाति छात्र–छात्राओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

अनुसूचित क्षेत्र में जनजाति समुदाय के लिए डूँगरपुर जिले की पंचायत समिति, आसपुर में ग्राम साबला बेणेश्वर धाम में मेले का प्रतिवर्ष आयोजन होता है जिसमें अनुसूचित क्षेत्र के सभी जिलो से जनजाति समुदाय के लोग एकत्रित होकर परम्परागत खेल स्पर्धा के लिए अपने साथ धनुष तीर भी लेकर आते है। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर, जिला प्रशासन डूँगरपुर एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में मेला स्थल पर पारम्परिक खेलो का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता 3 दिन आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता मुख्यतः एथेलेटिक्स, तीरंदाजी खेल में 14 वर्ष से कम बालक एवं बालिका वर्ग, 14 वर्ष से ऊपर पुरूष व महिला वर्ग, रस्सा कस्सी पुरूष व महिला वर्ग, गिडा डौट व सतौलिया पुरूष वर्ग में एवं मटका दौड़ केवल महिला वर्ग में आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाता है। विभाग द्वारा संचालित खेल छात्रावासों में प्रवेश देकर उन्हे प्रचलित खेलो में दक्ष प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण देकर प्रोत्साहन किये जाने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष 2007–08 से प्रारम्भ की गई है।

आयोजित प्रत्येक खेल व इवेन्ट मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष, महिला प्रतियोगी को क्रमशः 501, 401, 301, 201 रूपये नकद राशि पारितोषिक स्वरूप प्रदान की जाती है। रस्सा कस्सी में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष व महिला दल को 2501 व 1501 रूपये पारितोषिक स्वरूप दिये जाते है। गिडा डोट में 9–9 खिलाड़ी व सतोलिया में 7–7 खिलाड़ी तथा रस्सा कस्सी में 9–9 खिलाड़ी भाग लेते। तीरंदाजी में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को अपने अपने तीर कमान साथ लाना अनिवार्य है। गिडाडोट व सतोलिया के प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले को क्रमशः 1001 व 701 रूपये पारितोषिक दिया जाता है।

27. अनुसूचित क्षेत्र के उत्कृष्ट जनजाति खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु नकद राशि

जनजाति प्रतिभावान खिलाडी बालक–बालिकाओं को जो राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते है, प्रोत्साहन

स्वरूप नकद राशि दिये जाने का प्रावधान है जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान/पदक प्राप्त होने पर अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के लिए क्रमशः 0.50, 0.25 व 0.15 लाख तथा राष्ट्रीय स्तर के लिए कमशः 0.25, 0.15 व 0.10 लाख नकद प्रदान किये जाते है। इससे जनजाति प्रतिभावान खिलाड़ी सदैव उत्साहित रहते है एवं उनमें खेल के प्रति लगन बनी रहती है । यह योजना अनुसूचित क्षेत्र के सभी जिलों में संचालित की जा रही है।

28. मानगढ़ धाम, घोटिया आम्बा, भैरव महोत्सव मे जनजाति खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन

अनुसूचित क्षेत्र में जनजाति समुदाय के लिए बांसवाडा जिले की पंचायत समिति, आनन्दपुरी, बागीदौरा, तलवाड़ा तथा प्रतापगढ़ जिले में पंचायत समिति अरनोद एवं धरियावद मे प्रतिवर्ष आयोजित मेलो में जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यकम होता है जिसमे अनुसूचित क्षेत्र के जनजाति के छात्र–छात्राए अपने अभिभावको के साथ मेले मे आते है। इसके साथ ही अपने परम्परागत खेल के रूप मे अपने साथ धनुष तीर भी लेकर आते है। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर, जिला प्रशासन एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान मे मेला स्थल पर तीन दिवसीय पारम्परिक खेलो का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता मुख्यतः एथेलेटिक्स, वालीबाल, कब्बड़ी, फुटबाल, खो–खो तीरंदाजी खेल मे 14 वर्ष से कम बालक एवं बालिका वर्ग, 14 वर्ष से ऊपर पुरूष व महिला वर्ग, रस्सा कस्सी पुरूष व महिला वर्ग, गिडा डोट व सतौलिया पुरूष वर्ग मे एवं मटका दौड केवल महिला वर्ग मे आयोजित की जाती है एवं विभाग द्वारा संचालित खेल छात्रावासो मे प्रवेश देकर उन्हे पारम्परिक खेलो मे दक्ष प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण देकर प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष 2009–10 से संचालित है। प्रतापगढ़ जिले में आयोजित मेलों में खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यकम वर्ष 2015–16 से प्रारम्भ किये गये है।

अध्याय – 3

जनजाति विकास के लिए विभिन्न योजनाओं / घोषणाओ की प्रगति

विभाग द्वारा केन्द्रीय सहायता व राज्य सहायता से विभाग के कार्यक्षेत्र कमशः अनुसूचित क्षेत्र, माडा क्षेत्र, माडा कलस्टर क्षेत्र, बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र एवं सहरिया क्षेत्र में विभिन्न योजनाऐं कियान्वित की जा रही है। योजनाओं का उद्देश्य उक्त क्षेत्र में निवासरत जनजाति परिवारों का सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास करना है। वर्ष 2017–18 में इन योजनाओं हेतु कुल 502.82 करोड रूपये का संशोधित बजट आबंटन किया गया जिसके विरूद्ध माह मार्च, 2018 तक 503.82 करोड रूपये व्यय किये गये।

वर्ष 2018–19 में इन योजनाओं हेतु कुल 602.46 करोड रूपये का बजट प्रावधान रखा गया जिसके विरूद्ध माह दिसम्बर, 2018 तक 360.69 करोड रूपये व्यय किये गये। मदवार एवं क्षेत्रवार प्रावधान एवं व्यय की सूचना निम्नानुसार है :–

(राशि लाख रूपये में)

क्र. सं.	क्षेत्र	वर्ष 2017–18		वर्ष 2018–19	
		संशोधित अनुमान	व्यय	बजट अनुमान	व्यय दिसम्बर,18 तक
क	राज्य योजना				
1.	जनजाति कल्याण निधि				
अ.	अनुसूचित क्षेत्र	19523.71	20103.94	25708.08	13875.13
ब.	माडा क्षेत्र	2017.31	2251.32	3568.73	1445.98
स.	माडा कलस्टर क्षेत्र	9.65	7.60	13.44	0.29
द.	बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र	751.88	801.51	1438.57	265.82
य.	सहरिया क्षेत्र	4448.75	4979.35	4830.04	2934.71
	योग : जनजाति कल्याण निधि	**26751.30**	**28143.72**	**35558.86**	**18521.93**
2.	विशेष केन्द्रीय सहायता				
अ.	अनुसूचित क्षेत्र	10477.33	8442.22	9044.08	8800.16
ब.	माडा क्षेत्र	442.68	343.19	1171.04	105.24
स.	माडा कलस्टर क्षेत्र		22.22	20.02	0.00
द.	बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र	279.58	263.60	1164.84	67.17
य.	सहरिया विकास परियोजना क्षेत्र	86.60	28.76	100.02	5.43
	योग : विशेष केन्द्रीय सहायता	**11286.19**	**9099.99**	**11500.00**	**8978.00**
3.	संविधान के अनुच्छेद 275(1)				
अ.	अनुसूचित क्षेत्र	9376.84	8608.24	8966.41	6239.00
ब.	गैर अनुसूचित क्षेत्र	983.54	1572.02	2857.74	1180.01
स.	सहरिया क्षेत्र	173.60	174.53	175.85	133.84
	योग : अनुच्छेद 275(1)	**10533.98**	**10354.79**	**12000.00**	**7552.00**

4.	**केन्द्र प्रवर्तित योजना**				
अ.	टीआरआई की योजनाऐं	169.25	24.20	103.68	16.00
ब.	लघु वन उपज संग्रहण कार्य	15.00	58.79	15.00	0.00
स.	वन बन्धू कल्याण योजना	0.00	64.27	0.02	233.77
द.	आश्रम स्कुल भवन निर्माण	0.00	0.00	0.00	18.23
य.	छात्रावास भवन निर्माण	0.00	1736.91	0.01	359.25
र.	सहरिया विकास परियोजना	1526.00	899.48	1068.62	389.35
	योग : केन्द्रीय प्रवर्तित योजना	**1710.25**	**2783.65**	**1187.33**	**1016.60**
	महायोग	**50281.72**	**50382.15**	**60246.19**	**36069.38**

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार है :–

अ. अनुसूचित क्षेत्र

1. जनजाति कल्याण निधि

(i) आश्रम छात्रावास संचालन

योजनान्तर्गत जनजाति विद्यार्थियों को आश्रम छात्रावास में प्रवेश दिया जाकर निःशुल्क आवास, भोजन आदि की सुविधाए प्रदान की जाती है प्रति विद्यार्थी 2000/– रूपये प्रतिमाह भोजन इत्यादि हेतु व्यय किये जाने का प्रावधान है। वर्ष 2018–19 में 7706.43 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,18 तक 4726.96 लाख रूपये व्यय हुए तथा अनुसूचित क्षेत्र के 259 छात्रावासों में 18381 विद्यार्थियों को प्रवेश देकर लाभान्वित किया गया। वर्ष 2015–16 में 14206, वर्ष 2016–17 में 16081 एवं वर्ष 2017–18 में 16422 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

(ii) खेल छात्रावास का संचालन

जनजाति छात्रों को खेलकूद हेतु प्रोत्साहित करने तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से 13 खेल छात्रावास संचालित है। इन छात्रावासों में दक्ष विशेषज्ञों द्वारा तीरन्दाजी एवं ऐथेलेटिक्स का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें कक्षा 6 से 12 वीं तक के खिलाडी बालकों को प्रवेश दिया जाता है। वर्ष 2018–19 में 577.30 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,18 तक 314.96 लाख रूपये व्यय किया गया है। वर्तमान में इन छात्रावासों में 875 छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। वर्ष 2015–16 में 646, वर्ष 2016–17 में 725 एवं वर्ष 2017–18 में 875 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

(iii) आवासीय विद्यालय संचालन

अनुसूचित क्षेत्र में बालक/बालिकाओं हेतु जनजाति कल्याण निधि अन्तर्गत 4 आवासीय विद्यालय संचालित किये जा रहे है जिसमें आवास, भोजन, शिक्षा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2018–19 में 1108 छात्र/छात्राऐं अध्ययनरत है एवं माह दिसम्बर,18 तक 518.82 लाख रूपये व्यय किये गये। वर्ष 2015–16 में 1020, वर्ष 2016–17 में 1072 एवं वर्ष 2017–18 में 1102 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

इसके अतिरिक्त अनुसूचित क्षेत्र में बालक/बालिकाओं हेतु जनजाति कल्याण निधि अन्तर्गत 2 मॉडल पब्लिक विद्यालय संचालित किये जा रहे है जिसमें आवास, भोजन, शिक्षा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2018–19 में 672 छात्र/छात्राऐं अध्ययनरत है।

(iv) मॉ–बाड़ी केन्द्र संचालन योजना

यह योजना अनुसूचित क्षेत्र में जनजाति एवं कथौड़ी समुदाय के शिक्षा से वंचित बच्चों (6 से 12 वर्ष आयु वर्ग) को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये संचालित की जा रही है। वर्ष 2018–19 में 5182.00 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,18 तक 2431.71 लाख रूपये व्यय हुए तथा 2083 मॉ बाडी केन्द्रों में 62490 विद्यार्थियों को प्रवेश देकर लाभान्वित किया जा रहा है।

(v) छात्रगृह किराया योजना

इस योजनान्तर्गत जनजाति के ऐसे छात्र/छात्राऐं जो महाविद्यालय की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में पढते है तथा उन्हे छात्रावास में स्थानाभाव के कारण आवासीय सुविधा नहीं मिल पाती है और वे किराये के मकान में रहकर नियमित अध्ययन करते है, उन्हे सम्भाग मुख्यालय पर 500 रूपये, जिला मुख्यालय पर 400 रूपये एवं अन्य स्थान पर 300 रूपये प्रतिमाह की दर से अधिकतम 10 माह हेतु मकान किराये का पुनर्भरण किया जाता है। इसमें एक छात्र या दो छात्रों के एक ग्रुप को भी यह सुविधा दी जाती है। छात्र/छात्राऐं अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी होने तथा राज्य में ही अध्ययनरत रहने पर ही योजना का लाभ देय है। वर्ष 2018–19 में 764.00 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,18 तक 827.57 लाख रूपये का पुनर्भरण किया जाकर 16843 विद्यार्थियों को लाभान्वित

किया गया। वर्ष 2015–16 में 16360, वर्ष 2016–17 में 17410 एवं वर्ष 2017–18 में 18443 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

(vi) प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन योजना

इस योजनान्तर्गत जनजाति के छात्रों ने जिन्होंने राजस्थान से माध्यमिक शिक्षा एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है उन्हे बोर्ड की अगली परीक्षा तक अध्ययन करने पर 350 रूपये प्रतिमाह की दर से 10 माह के लिए अधिकतम रूपये 3500/– की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। वर्ष 2018–19 में 90.00 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,18 तक 88.07 लाख रूपये रूपये व्यय किया जाकर 2550 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2015–16 में 1149, वर्ष 2016–17 में 1262 एवं वर्ष 2017–18 में 2176 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन योजना

(vii) छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता (महाविद्यालय स्तर)

जनजाति की छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई। योजना का लाभ उन छात्राओं को प्राप्त होता है जो राज्य की मूल निवासी हों और राज्य की निजी एवं राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत हों। इस योजनानुसार प्रत्येक छात्रा को 500 रूपये प्रति माह की दर से 10 माह तक आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2018–19 में 1050.00 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,18 तक 980.39 लाख रूपये व्यय किया जाकर 24316 छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2015–16 में 17919, वर्ष 2016–17 में 21791 एवं वर्ष 2017–18 में 23817 छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

(viii) छात्राओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता (कक्षा 11 एवं 12)

जनजाति की छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई। योजना का लाभ उन छात्राओं को प्राप्त होता है जो अनुसूचित क्षेत्र के मूल निवासी हों एवं राजकीय विद्यालयों में कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत हों। इस योजनानुसार प्रत्येक छात्रा को 350 रूपये प्रति माह की दर से 10 माह तक आर्थिक सहायता दी जाती है। है। वर्ष 2018–19 में 594.00 लाख रूपये के प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर,18 तक रूपये 930.83 लाख व्यय कर 26178 छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2015–16 में 18106, वर्ष 2016–17 में 21004 एवं वर्ष 2017–18 में 21642 छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

(ix) जनजाति बालिकाओं को स्कूटी वितरण

कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 65 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाली जनजाति बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप निःशुल्क स्कूटी वितरण किये जाने की योजनान्तर्गत वर्ष 2018–19 में 30 जनजाति छात्राओं को प्रदान की गई एवं 1640 छात्राओं के आवेदन पत्र अनुमोदित किये गये। वर्ष 2015–16 में 455, वर्ष 2016–17 में 608 एवं वर्ष 2017–18 में 1595 जनजाति बालिकाओं को स्कूटी वितरण कर लाभान्वित किया गया।

(x) क्षय रोग नियंत्रण

सामान्यतया जनजाति आबादी दूरदराज के क्षेत्र में निवास करती है तथा स्वास्थ्य सुविधाए आसपास उपलब्ध नहीं होती है जनजाति व्यक्तियों में क्षय रोग का प्रकोप अधिक रहता है तथा निदान हेतु नियमित उपचार अनिवार्य होता है किन्तु जनजाति व्यक्ति के लिए कार्य दशाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की दूरी के कारण नियमित उपचार लिया जाना संभव नहीं हो पाता है। अतः इस समस्या के निदान हेतु स्वच्छ परियोजना के माध्यम से क्षयरोग नियंत्रण कार्यकम संचालित किया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा क्षय रोगियों की पहचान कर उन्हे नियमित उपचार उपलब्ध कराया जाता है तथा पौष्टिक सत्तु दिया जाता है। योजनान्तर्गत वर्ष 2018–19 में 2000.00 लाख रूपये के प्रावधान के विपरीत माह दिसम्बर,18 तक 857.97 लाख रूपये व्यय किये गये एवं 4686 रोगियों के उपचार कराया जा रहा है। वर्ष 2015–16 में 10827, वर्ष 2016–17 में 9506 एवं वर्ष 2017–18 में 4293 रोगियों के उपचार कराया गया।

(xi) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

जनजाति के युवकों को रोजगारोन्मुख व्यवसायों का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार चलाने अथवा तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के लिए तैयार करने के लिए तकनीकी शिक्षा निदेशालय के माध्यम से 14 वर्ष की आयु से अधिक के युवकों को इंजीनियरिंग एवं गैर इंजीनियरिंग में एक एवं दो वर्षीय प्रशिक्षण वेल्डर, प्लम्बर, डीजल मैकेनिक, हिन्दी एवं अंग्रेजी स्टेनो, फिटर, वायरमैन, इलेक्ट्रोनिक्स एवं रेडियो टीवी आदि व्यवसायों में प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार प्रारंभ करने योग्य बनाया जाता है। प्रशिक्षणरत छात्रों को 150 रूपये प्रतिमाह स्टाईफन्ड दिया जाता है। उत्तीर्ण होने पर राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। वर्ष 2018–19 में माह दिसम्बर,18 तक 5.36 लाख रूपये व्यय किये गये एवं 556 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।वर्ष 2015–16 में 601, वर्ष 2016–17 में 556 एवं वर्ष 2017–18 में 603 छात्रों को लाभान्वित किया गया।

(xii) फूड क्राफ्ट प्रशिक्षण

होटल व्यवसाय में प्रशिक्षण के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से संचालित फूड क्राफ्ट संस्थान के 4 व्यवसायों में जनजाति युवक युवतियों के लिए 40 अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। प्रशिक्षणरत छात्र छात्राओं को 500 रूपये छात्रवृति, फीस पुनर्भरण एवं पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती है। उत्तीर्ण होने पर नेशनल कौसिंल आफ होटल मेनेजमेन्ट, नोएडा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है जो कि रोजगार प्राप्ति के लिए मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2018–19 में 34 छात्रो को लाभान्वित किया जा रहा है । वर्ष 2015–16 में 39, वर्ष 2016–17 में 30 एवं वर्ष 2017–18 में 35 छात्रों को लाभान्वित किया गया।

2. विशेष केन्द्रीय सहायता

(i) कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाऐं

कृषि विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों के तहत फसल बीज मिनीकीट प्रर्दशन कार्यक्रम अर्न्तगत खरीफ/रबी में अधिकतम 0.20 हैक्टयर हेतु कृषकों को प्रमाणित बीज निशुःल्क उपलब्ध कराया जाता है। खरीफ फसलों में सोयाबीन, अरहर व उडद फसल का मिनीकिट क्रमशः 8, 3–4 व 4 किलोग्राम उपलब्ध कराया जाता है। रबी फसल में गेहू एवं जौ का 10 से 20 किलोग्राम एवं चना फसल में 15 किलोग्राम उपलब्ध कराया जाता है। बी टी कॉटन फसल में 0.2 हेक्टयर हेतु 450 ग्राम बी टी कपास बीज का मिनीकिट प्रदान किया जाता है ।

वर्ष 2018–19 में इस हेतु राशि 881.60 लाख रूपये के प्रावधान के विपरीत माह दिसम्बर, 18 तक 881.60 लाख रूपये व्यय किये गये एवं 28952 बीपीएल जनजाति परिवारों को खरीफ व रबी फसल में कृषि विकास कार्यक्रम से लाभान्वित किया गया। वर्ष 2015–16 वर्ष 2016–17 एवं 2017–18 में क्रमशः 1.35, 1.94 एवं 1.78 लाख परिवारों को लाभान्वित किया गया।

(ii) उद्यानिकी विकास

जनजाति कृषकों का आर्थिक स्तर उंचा उठाने की दृष्टि से उनके खेतों पर 0.05 हेक्टर में सब्जियों (लहसुन, प्याज, टमाटर, भिण्डी, बैंगन) के उन्नत बीज, खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराये जा रहे है । वर्ष 2018–19 में 75.00 लाख रूपये के प्रावधान एवं गत वर्षो की बचत राशि के विपरीत माह दिसम्बर,18 तक

102.86 लाख रूपये व्यय किया गया एवं 2412 परिवारो को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2015–16 में 8595, वर्ष 2016–17 में 15539 एवं वर्ष 2017–18 में 3725 परिवारों को लाभान्वित किया गया।

(iii) पशुपालन कार्यक्रम

जनजाति परिवारों का आर्थिक स्तर उँचा उठाने की दृष्टि से पशुपालन कार्यक्रम के तहत 2 पशुओं को रहने की व्यवस्था, कुट्टी मशीन वितरण, दुग्ध केन वितरण, पशुपालकों को प्रशिक्षण एवं पशु प्रजनन केम्प का आयोजन आदि के माध्यम से क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन क्षमता बढाई जाने के उद्देश्य से वर्ष 2018–19 में 200.00 लाख रूपये का प्रावधान के विपरीत माह दिसम्बर,18 तक 412.74 लाख रूपये व्यय किये गये एवं 34024 परिवारों को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2015–16 में 1778, वर्ष 2016–17 में 13701 एवं वर्ष 2017–18 में 24398 परिवारों को लाभान्वित किया गया।

(iv) दुग्ध विकास कार्यक्रम

अनुसूचित क्षेत्र में जनजाति व्यक्तियों की कृषि व्यवसाय के अतिरिक्त पशु पालन एवं दुग्ध व्यवसाय भी आजीविका का मुख्य स्त्रोत है। दुग्ध विकास कार्यक्रम के तहत जिले में कार्यरत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 द्वारा ग्रामों से दुग्ध संकलन कर डेयरी तक लाया जा रहा है। जनजाति व्यक्तियों की आय बढाने एवं अतिरिक्त दुग्ध क्षमता हेतु गावों में सहकारी समितियों के माध्यम से बल्क मिल्क कूलर स्थापित कर अधिक मात्रा में दुग्ध संकलन कर वहीं ठण्डा कर डेयरी तक लाये जाने से जनजाति दुग्ध उत्पादकों में आय वृद्धि हेतु वर्ष 2014–15 से नवीन योजना प्रारम्भ की गई। वर्ष 2018–19 में 500.00 लाख रूपये का प्रावधान एवं गत वर्षो की बचत राशि के विपरीत माह दिसम्बर,18 तक 59.00 लाख रूपये व्यय किये गये। वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 में कुल 6667 परिवारों को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2015–16 में 47 बल्क मिल्क कूलर व 35 स्वचालित दूध संग्रह इकाई, 2016–17 में 67 बल्क मिल्क कूलर व 120 स्वचालित दूध संग्रह इकाई एवं 2017–18 में 47 स्वचालित दूध संग्रह इकाई स्थापित की गई।

(v) बैफ के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का संचालन

जनजाति कृषकों के पास उपलब्ध पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता बढाने, अच्छी नस्ल की उत्पति हेतु उदयपुर, बांसवाडा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ जिले में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का संचालन कर जनजाति व्यक्तियों के पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान करना इस योजना का उद्देश्य है। वर्ष 2018–19 में गत वर्षो की बचत राशि के विपरीत माह दिसम्बर,18 तक 108.82 लाख रूपये व्यय कर 8702 परिवारों को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2015–16 में 4090, वर्ष 2016–17 में 2871 एवं वर्ष 2017–18 में 3164 परिवारों को लाभान्वित किया गया।

(vi) मत्स्य विकास

इस कार्यक्रम के तहत मत्स्य पालकों को विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण एवं मत्स्य बीज वितरण आदि हेतु वर्ष 2018–19 में गत वर्षो की बचत राशि के विपरीत माह दिसम्बर,18 तक 25.09 लाख रूपये व्यय किया गया एवं 382 परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। वर्ष 2017–18 में 1705 परिवारों को लाभान्वित किया गया ।

(vii) वनीकरण (सुरक्षात्मक एवं जीवनयापन) योजना

वनीकरण योजना के अन्तर्गत वन विभाग के माध्यम से इको टयूरिज्म सुविधाओं का विकास, जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण, नर्सरी में आधारभूत संरचना/कार्य का निर्माण आदि तथा उत्पादन संवर्धन कार्य हेतु वर्ष 2018–19 में 431.50 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है एवं 4300 परिवारों को लाभान्वित किया जावेगा। माह दिसम्बर,18 तक 269.77 लाख रूपये व्यय किया गया। वर्ष 2017–18 में 4312 परिवारों को लाभान्वित किया गया।

(viii) जनजाति कृषकों के कृषि कुओं को गहरा कराने की योजना–

जनजाति उपयोजना क्षेत्र (अनुसूचित क्षेत्र) में अनुसूचित जनजाति के बीपीएल कृषकों के अपूर्ण कुओं को महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की राशि से डवटेल कर गहरा कराने की योजना प्रारंभ की गई। योजनान्तर्गत उन्हीं कुओं को लिया गया जो पूर्व में किसी अन्य योजना अथवा स्वयं काश्तकार द्वारा खोदे गये परन्तु उनमें सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी

उपलब्ध नहीं हुआ अथवा अत्यल्प पानी उपलब्ध है। योजना का मुख्य उद्देश्य इन कुओं को गहरा कराकर सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है जिससे कृषि योग्य भूमि में सिंचाई की जा सकें एव उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

योजनान्तर्गत 19249 कुओ के गहरीकरण की स्वीकृतियां महात्मा गांधी नरेगा की गाइड लाईन्स अनुसार जारी की गई। इनमे से 13827 कार्य प्रारम्भ हुए एवं 5003 कार्य पूर्ण हुए। वर्ष 2018–19 में टीएडी (विशेष केन्द्रीय सहायता) मद अन्तर्गत 1500.00 लाख का प्रावधान रखा गया। माह दिसम्बर,18 तक 1345.60 लाख रू. का व्यय किया गया।

(ix) जलसंग्रहण संरचनाओं (एनिकट) का निर्माण एवं पुनरोद्धार

इस योजनान्तर्गत विशेष केन्द्रीय सहायता मद में वर्ष 2018–19 में राशि 1400.93 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। माह दिसम्बर,18 तक 1189.61 लाख रूपये का व्यय किया गया एवं 24 एनीकट कार्य पूर्ण किये गये।

(x) नहरो का सुदृढ़ीकरण

अनुसूचित क्षेत्र में नहरों का सुदृढीकरण एवं विस्तार कर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता में वृद्धि हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत वर्ष 2018–19 में 750.00 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। दिसम्बर,18 तक 516.64 लाख रूपये व्यय किये गये है एवं 3 कार्य पूर्ण किए गए है।

(xi) सामुदायिक जलोत्थान योजनाओं का निर्माण व रखरखाव

नदी नालों एवं बांधों के बेक वाटर में उपलब्ध पानी को सिंचाई हेतु उपयोग करने के लिये विद्युत मोटर द्वारा पानी को ऊंचा उठाकर सिंचाई क्षेत्रफल में वृद्धि किये जाने हेतु वर्ष 2018–19 में 400.00 लाख रूपये का प्रावधान किया गया एवं गत वर्ष के स्वीकृत कार्यो पर दिसम्बर,18 तक 1321.63 लाख रूपये व्यय किये गये है। वर्ष 2016–17 में स्वीकृत 44 एवं वर्ष 2017–18 में स्वीकृत 40 सोलर आधारित सामुदायिक जलोत्थान सिंचाई योजनाओं में से 65 जलोत्थान सिंचाई योजनाओ में सोलर पम्प स्थापित किये जा चुके हैं।

(xii) जनजाति स्वरोजगार योजना

राजस संघ द्वारा इस योजना में मुख्य रूप से खादी ग्रामोद्योग सेवा, छोटे व्यवसाय सम्मिलित किये है। योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को उद्योग/सेवा/व्यवसाय हेतु योजना में सम्मिलित इकाईयों के लिए आर्थिक सहायता बैंक ऋण के रूप में प्रदान कराई जावेगी, जिसमें इकाई लागत का 50 प्रतिशत अथवा 10,000/–रू0 जो भी कम हो अनुदान देने का प्रावधान है। वर्ष 2018–19 में इस हेतु राशि 200.00 लाख रूपये के प्रावधान किया गया एवं 2000 परिवारों को लाभान्वित किया जावेगा। वर्ष 2015–16 में 280, वर्ष 2016–17 में 1258 एवं र्ष 2017–18 में 597 परिवारों को लाभान्वित किया गया।

(xiii) दक्षता विकास कार्यक्रम

राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, जयपुर द्वारा अनुसूचित जनजाति के युवक/युवतियों को रोजगारपरक लद्यु अवधि कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर–आवासीय कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 173 मॉड्यूल्स में 33 सेक्टर में विभिन्न पाठ्यक्रम यथा– कम्प्यूटर हार्डवेयर, सिक्यूरिटी, गारमेन्ट मेकिंग, ऑटो मोबाईल सेक्टर, कन्स्ट्रक्शन, फैशन डिजाईनिंग, सूचना एवं प्रोद्योगिकी, हॉस्पिटिलिटी, इलेक्ट्रिकल्स, एग्रीकल्चर, मेडिकल एण्ड नर्सिंग इत्यादि में प्रशिक्षण दिया जाकर 50 प्रतिशत लाभार्थियों को रोजगार/ स्वरोजगार से जोडा जायेगा। वर्ष 2018–19 में इस हेतु गत वर्षो की बचत राशि से 426.00 लाख रूपये व्यय किये गये एवं माह दिसम्बर,18 तक 2585 युवाओं को लाभान्वित किया गया। 2015–16 में 1795 वर्ष 2016–17 में 1820 एवं वर्ष 2017–18 में 2147 युवाओं को लाभान्वित किया गया।

(xiv) आवश्यक सेवाओं को सड़कों से जोडना

जनजाति उपयोजना क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न जनोपयोगी सेवा केन्द्र विद्यालय, उपकेन्द्र एवं आश्रम छात्रावास दूरस्थ ग्रामों में अवस्थित है, जहॉ पर पहूंच के लिए समुचित सडक/पुलिया व्यवस्था नहीं होने से वर्षा ऋतु में आमजन एवं विद्यार्थियों को इन स्थल पर पहुंचने में असुविधा रहती है। अतः इन संस्थानों/सेवा केन्द्रो को समीपस्थ मुख्य सडक अथवा मुख्य ग्राम से सम्पर्क सडक/पुल से जोड़ने हेतु वर्ष 2018–19 में

राशि 1000.00 लाख रूपये के प्रावधान एवं गत वर्ष की बचत के विपरीत माह दिसम्बर,18 तक 462.23 लाख रूपये व्यय किये गये एवं 7 सड़क कार्य प्रगति पर है।

3. संविधान का अनुच्छेद 275 (1)

संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अन्तर्गत अनुसूचित क्षेत्र हेतु वर्ष 2018–19 में माह दिसम्बर,18 तक 6239.00 लाख रूपये व्यय किया गया। विभाग द्वारा 9 आवासीय विद्यालयों का संचालन एवं संस्थापन किया जाकर 2819 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त क्षेत्र में आधारभूत संरचना के कार्य भी किये जा रहे है ।

राज्य योजना से जनजाति उपयोजना में मांग संख्या 30 की प्रगति

जनजाति व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न विभागों द्वारा सामुदायिक एवं व्यक्तिगत लाभ की अनेक योजनाऐं क्रियान्वित की जा रही है तथा सभी विभागों को अपने बजट में से जनजातियों के विकास हेतु मांग संख्या 30 में प्रावधान रखा जाता है। वर्ष 2018–19 में राज्य योजना में से जनजाति उपयोजना मद मे 14512.83 करोड रूपये के प्रावधान के विपरीत माह दिसम्बर,18 तक 5091.19 करोड रूपये व्यय किये गये।

विभिन्न मदों में आवंटन एवं व्यय (अन्तरिम) की स्थिति निम्न तालिका में प्रस्तुत है :–

(राशि लाखों में)

क.सं.	मद	राज्य योजना	
		आवंटन	व्यय (माह दिसम्बर,18 तक)
1	कृषि एवं संबद्व सेवाऐं	90701.86	39101.30
2	ग्रामीण विकास	230256.33	50391.45
3	विशेष क्षेत्रीय परियोजना	4150.00	2026.27
4	सिंचाई	46671.20	23899.71
5	विद्युत	379866.90	76764.13
6	उद्योग एवं खनिज	6739.48	788.00
7	परिवहन एवं संचार	73031.09	45951.19
8	वैज्ञानिक सेवाऐं एवं अनुसंधान	408.93	13.87
9	सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाऐं	589882.73	239676.05
10	आर्थिक सेवाऐं	22290.46	29554.72
11	सामान्य सेवाऐं	7284.12	952.64
	योग :	**1451283.10**	**509119.33**

ब. माडा क्षेत्र

1. जनजाति कल्याण निधि

जनजाति कल्याण निधि अन्तर्गत वर्ष 2016–17 में 2145.98 लाख रूपये के आवन्टन के विरूद्ध 1912.22 लाख रूपये व्यय किये गये है। वर्ष 2017–18 में 2906.90

लाख रू के आवंटन के विरूद्ध माह मार्च 18 तक 2251.32 लाख रू व्यय किये गये है। वर्ष 2018–19 में 3568.73 लाख रू के आवंटन के विरूद्ध माह दिसम्बर 18 तक 1445.98 लाख रू व्यय किये गये है।

आश्रम छात्रावास संचालन–

वर्ष 2017–18 में 1460.92 लाख रू के आवंटन के विरूद्ध माह मार्च 18 तक 739. 06 लाख रू व्यय किये गये एवं 4017 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2018–19 में 2007.22 लाख रूपये के आवंटन के विरूद्ध माह दिसम्बर 2018 तक 687.49 लाख रूपये व्यय किये गए एवं 3209 छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया गया। उक्त योजना में वर्ष 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में कमशः 3534, 4017 एंव 3209 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया है।

शिक्षा प्रोत्साहन–

जनजाति के बालक बालिकाओं को शिक्षा की ओर प्रवृत किये जाने हेतु माडा योजना में संचालित योजनाओं (1) छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रोत्साहन (2) प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति (3) जनजाति छात्राओं को आर्थिक सहायता के योजनान्तर्गत लाभान्वित किये जा रहे हैं। वर्ष 2017–18 में उक्त योजनाओं के लिये 352.64 लाख रू प्रावधान किया गया है जिसके विरूद्ध मार्च 18 तक 308.15 लाख रू. व्यय किया एवं 1740छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2018–19 में उक्त योजनाओं के लिये 160.00 लाख रू प्रावधान किया गया है जिसके विरूद्ध दिसम्बर, 2018 तक 36.45 लाख रू. व्यय किया एवं 1203 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया। उक्त योजना में वर्ष 2017–18 मार्च 18 एवं वर्ष 2018–19 दिसम्बर 18 में कमशः 1740 एवं 1203 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया है

आवासीय विद्यालय–

माडा क्षेत्र में दो आवासीय विद्यालय संचालित है जिसकी प्रवेश क्षमता वर्ष 2017–18 में 480 छात्र/छात्राओं की है जिसके विरूद्ध 417 छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया गया एवं वर्ष 2018–19 में 600 छात्र/छात्राओं की है जिसके विरूद्ध 400 छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया गया है। उक्त योजना में वर्ष 2017–18 मार्च 18 एवं 2018–19 दिसम्बर 18 में कमशः 417 एव 400 छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया गया है।

2. विशेष केन्द्रीय सहायता

वर्ष 2017–18 (माह मार्च 18) एवं 2018–19 माह दिसम्बर 18 तक

विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत वर्ष 2017–18 में माह मार्च 18 तक 442.68 लाख रू के बजट संशोधित अनुमान के विरूद्ध 343.19 लाख रू व्यय किये गये। वर्ष 2018–19 में 1171.04 लाख रू के बजट प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर 18 तक 105.24 लाख रू व्यय किये गये।

कृषि विकास कार्यक्रम

वर्ष 2017–18 में 301.68 लाख रू के आवंटन के विरूद्ध माह मार्च 18 तक 118.26 लाख रू व्यय किये गये एवं 6761 कृषको को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2018–19 में 210.00 लाख रू के आवंटन के विरूद्ध माह दिसम्बर 18 तक 7.00 लाख रू व्यय किये गये एवं 100 कृषको को लाभान्वित किया गया।

स. माडा कलस्टर योजना

1. जनजाति कल्याण निधि

माडा कलस्टर में वर्ष 2017–18 में रूपये 13.44 लाख के संशोधित अनुमान के विरूद्ध माह मार्च 18 तक 7.60 लाख रूपये व्यय किये गये है। छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 0.05 लाख रूपये व्यय कर 1 छात्रा को लाभान्वित किया गया है। जनजाति छात्राओं को स्कुटी वितरण योजनान्तर्गत 7.20 लाख रूपये व्यय कर 16 छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। वर्ष 2017–18 में रूपये 13.44 लाख के बजट प्रावधान के विरूद्ध माह दिसम्बर, 18 तक 0.29 लाख रूपये व्यय किये गये है। छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 0.15 लाख रूपये व्यय कर 5 छात्रा को लाभान्वित किया गया है।

2. विशेष केन्द्रीय सहायता

वर्ष 2017–18 में विशेष केन्द्रीय सहायता में माह मार्च 18 तक 22.22 लाख रूपये व्यय किये गये। वर्ष 2018–19 में विशेष केन्द्रीय सहायता में माह दिसम्बर, 2018 तक 20. 02 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।

द. बिखरी जनजाति

1. जनजाति कल्याण निधि

वर्ष 2017–18 में माह मार्च 18 तक 1137.39 लाख रू. के विरूद्व 801.51 लाख रू. व्यय किये गये। आश्रम छात्रावास संचालन योजनान्तर्गत 449.38 लाख के प्रावधान के विरूद्व 264.62 लाख रू. व्यय कर 1109 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया। वर्ष 2018–19 में माह दिसम्बर 18 तक 1438.57 लाख रू. के विरूद्व 265.82 लाख रू. व्यय किये गये। आश्रम छात्रावास संचालन योजनान्तर्गत 580.46 लाख के प्रावधान के विरूद्व 188.91 लाख रू. व्यय कर 928 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

2. विशेष केन्द्रीय सहायता

वर्ष 2016–17 में माह मार्च 17 तक 442.99 लाख रू व्यय किये गये। वर्ष 2017–18 में माह मार्च 18 तक 279.58 लाख रू. के विरूद्व 263.60 लाख रू. व्यय किये गये। कृषि विकास योजनान्तर्गत 170.58 लाख के प्रावधान के विरूद्व 140.99 लाख रू. व्यय कर 29240 की उपलब्धि प्राप्त की गई। वर्ष 2018–19 में माह दिसम्बर 18 तक 1164.84 लाख रू. के विरूद्व 67.17 लाख रू. व्यय किये गये।

य. सहरिया आदिम जाति क्षेत्र विकास

सहरिया आदिम जनजाति के समुचित विकास के लिए जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग राजस्थान सरकार द्वारा सहरिया विकास कार्यक्रम अन्तर्गत सहरिया विकास परियोजना के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का संचालन कर सहरिया जनजाति के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे है। सहरिया आदिम जनजाति के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं का विवरण निम्नानुसार है :–

जनजाति कल्याण निधि

1. आश्रम छात्रावास संचालन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियॉ :–

जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक 29 सहरिया आश्रम छात्रावासों का संचालन कर 1444 सहरिया छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जा गया है। इन छात्र–छात्राओं को छात्रावास की समस्त सुविधा मुहैया कराई गई है। आश्रम छात्रावास संचालन एवं अन्य

शैक्षणिक गतिविधियों में माह दिसम्बर, 2018 तक राशि 652.54 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है। छात्रावासवार छात्र क्षमता एवं प्रवेश का विवरण **परिशिष्ठ– 7** पर संलग्न है।

2. मुफ्त स्टेशनरी वितरण (कक्षा 1 से 5 तक)

इस योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि 50.53 लाख रूपये व्यय कर 17149 सहरिया छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

3. मुफ्त स्टेशनरी, पोशाक एवं स्कूल फीस वितरण (कक्षा 6 से 12 तक)

इस योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि रूपये 61.04 लाख रूपये व्यय कर 4007 सहरिया छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

4. प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृति

जनजाति कल्याण निधि योजनान्तर्गत माह जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि 3.96 लाख रूपये व्यय कर 66 सहरिया विद्यार्थियों को छात्रवृति की राशि हस्तान्तरित कर लाभान्वित किया जा चुका है।

5. स्कूली शिक्षा हेतु जनजाति छात्राओं को सहायता

जनजाति कल्याण निधि योजना के अन्तर्गत माह जनवरी, 2018 से दिसम्बर 2018 तक राशि 2.70 लाख रूपये व्यय कर 77 घर से स्कूल जाने वाली जनजाति छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

6. कॉलेज छात्रों को आर्थिक सहायता

इस योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि 90. 96 लाख रू0 व्यय कर 454 महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत सहरिया छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

7. बी.एस.टी.सी. प्रशिक्षण

जनजाति कल्याण निधि योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर 2018 तक राशि 4.80 लाख रूपये व्यय किये जाकर 24 सहरिया प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

8. बी.एड. प्रशिक्षण

जनजाति कल्याण निधि योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर 2018 तक राशि 0.60 लाख रूपये व्यय कर 1 सहरिया छात्र को लाभान्वित किया जा चुका है।

9. क्षयरोग नियन्त्रण एवं स्वास्थ्यकर्मी योजना

जनजाति कल्याण निधि मद अन्तर्गत संचालित योजना में जनवरी, 2018 से दिसम्बर 2018 तक राशि 97.31 लाख रूपये व्यय कर 200 सहरिया स्वास्थ्यकर्मी महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाकर क्षय रोगियों की पहचान कर उपचार करवाया जाकर लाभान्वित किया जा रहा है।

10. आवासीय विद्यालय संचालन

योजनान्तर्गत 7 आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जाकर 1092 सहरिया एवं अन्य अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया जाकर इन छात्र–छात्राओं को आवासीय विद्यालय की समस्त सुविधा मुहैया कराई गई है। 7 आवासीय विद्यालयों के संचालन पर जनवरी, 2018 से माह दिसम्बर, 2018 तक 653.96 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है। आवासीय विद्यालयवार विद्यार्थी क्षमता एवं प्रवेश का विवरण **परिशिष्ठ – 8** पर संलग्न है।

11. ए.एन.एम. प्रशिक्षण के लिए सहायता

जनजाति कल्याण निधि योजना के अन्तर्गत संचालित योजना में जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक 0.65 लाख रू0 व्यय किये जाकर 20 सहरिया ए.एन.एम. प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

12. पी.एम.टी./पी.ईटी./आईआई.टी. आदि की प्रवेश शुल्क परीक्षा कोचिंग

इस योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि 10.59 लाख रूपये व्यय कर अन्य परीक्षा हेतु शिक्षा विभाग में रीट/पटवारी/पुलिस/लिपिक इत्यादि की तैयारी हेतु सहरिया युवकों ने कोचिंग द्वारा शिक्षण कार्य करवाया जा चुका है।

13. दुर्घटना, बीमारी मृत्यु इत्यादि पर सहायता

जनजाति कल्याण निधि योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि 8.70 लाख रूपये व्यय कर 87 सहरिया महिलाओं को आर्थिक सहायता देकर लाभान्वित किया जा चुका है।

14. सहरिया परिवारों को निःशुल्क घी, तेल एवं दाल वितरण

इस योजना के अन्तर्गत माह अप्रेल, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक इस कार्यालय स्तर से राशि 1335.59 लाख रूपये व्यय किया जाकर लगभग 116927 सहरिया परिवारों के सदस्यों को निःशुल्क घी, तेल एवं दाल वितरण कर लाभान्वित किया जा रहा है।

15. किचन शेड निर्माण

जनजाति कल्याण निधि योजना के अन्तर्गत संचालित योजना किचन शेड निर्माण में माह जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक 61.43 लाख रूपये व्यय कर मॉ–बाडी केन्द्रों पर 179 किचन शेड निर्माण कर कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

16. खैरवा हेतु सहायता योजना

इस योजना के नवीन संचालन हेतु माह दिसम्बर, 2018 में राशि 187.14 लाख रूपये आयुक्त कार्यालय जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग से प्राप्त हो चुके है। खैरवा परिवार के 10577 व्यक्तियों को निःशुल्क घी, तेल एवं दाल का वितरण लाभार्थियों को पोस मशीन द्वारा किया जाना है। शीघ्र ही राशि व्यय की जावेगी।

विशेष केन्द्रीय सहायता

सहरिया विकास कार्यक्रम अन्तर्गत विशेष केन्द्रीय सहायता मद में राशि 6.60 लाख रूपये का आवंटन हुआ जिसके विरूद्ध जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक विभिन्न योजनाओं में राशि 6.16 लाख रूपये व्यय किये गये है।

1. स्मार्ट फार्मिंग परियोजना

सहरिया विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित योजना स्मार्ट फार्मिंग/बायफ रिडमा योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि

6.16 लाख रूपयें व्यय किये जाकर सहरिया जनजाति के कृषकों को लाभान्वित किया गया है। जिसके अन्तर्गत स्मार्ट फार्मिंग गतिविधि के तहत फल सब्जी आदि के 28 स्थानों पर फार्म स्थापित कर, 78 सहरिया व्यक्तियों को 156 बकरी वितरित एवं 26 एस.एच.जी. का गठन कर 291 सहरियाओं को प्रशिक्षण कराया गया इसके साथ ही प्वाईंट गतिविधि के अन्तर्गत वाटर टेंक एवं स्टेण्ड, बंगला मरम्मत, कॉमन प्लेट फार्म एवं इनफर्टीलिटी केम्प आदि कार्य कर 19 गांवों में सहरिया परिवारों को लाभान्वित किया गया है।

भारतीय संविधान की धारा 275(1)

सहरिया विकास कार्यक्रम अन्तर्गत भारतीय संविधान की धारा 275 (1) में राशि 206.30 लाख का आवंटन हुआ जिसके विरूद्ध जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि 188.61 लाख रूपये व्यय किया जा चुका है।

1. एकलव्य मॉडल रेजिडेन्सियल स्कूल हनोतिया (शाहबाद)संचालन/संस्थापन

भारतीय संविधान की धारा 275(1) मद अन्तर्गत संचालित एकलव्य मॉडल रेजिडेन्सियल स्कूल हनोतिया (शाहबाद) संचालन/संस्थापन में माह जनवरी, 2018 से माह दिसम्बर, 2018 तक राशि 174.06 लाख रूपये व्यय कर 315 छात्रों को विभिन्न प्रकार की आवासीय विद्यालय की सुविधा प्रदान की जाकर लाभान्वित किया जा रहा है।

2. आश्रम छात्रावासों/आवासीय विद्यालयों में आर.ओ. स्थापित

भारतीय संविधान की धारा 275(1) योजना अन्तर्गत संचालित योजना में माह जनवरी, 2018 से माह दिसम्बर, 2018 तक राशि 0.50 लाख रूपये व्यय कर तीन सहरिया आश्रम छात्रावासों में आर.ओ. स्थापित किये जा चुके है।

3. आश्रम छात्रावास/आवासीय विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को कोचिंग

इस योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक राशि 8.89 लाख रूपये व्यय कर सहरिया आश्रम छात्रा वासों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 12 तक के सहरिया छात्र/छात्राओं को अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान की कोचिंग का कार्य करवाया जाकर लाभान्वित किया जा रहा है।

सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम (सी.सी.डी. योजना)

सहरिया विकास कार्यक्रम अन्तर्गत सी.सी.डी. योजना (पी.टी.जी.) में विभिन्न संचालित योजनाओं में राशि 1360.00 लाख रूपये का आवंटन किया गया, जिसके विरूद्ध जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक संचालित विभिन्न योजनाओं में 741.22 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है।

1. जन–श्री–बीमा योजना

सी.सी.डी योजना अन्तर्गत संचालित योजना जन श्री बीमा योजना के अन्तर्गत 15000 सहरिया आदिम जनजाति के परिवारों का बीमा करवाया गया है। जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक इस योजना में 16.50 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है।

2. मॉ–बाडी संचालन

वर्ष 2018–19 में जनजाति कल्याण निधि एवं सी.सी.डी. योजनान्तर्गत संचालित योजना मॉ–बाडी संचालन योजना में 1412.12 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है। जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक 324 मॉ–बाडी केन्द्रों का संचालन करवाया जा रहा है। जिसमें 9520 सहरिया छात्र–छात्राओं को समस्त प्रकार की सुविधाऐं उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया जा रहा है।

3. सहरिया स्वास्थ्य सहयोगी

इस योजना के अन्तर्गत 200 सहरिया स्वास्थ्य सहयोगी (महिला) कार्यरत हैं। सहरिया स्वास्थ्य सहयोगी (महिला) कार्यकर्ताओं को प्राथमिक उपचार हेतु दवा का किट भी उपलब्ध करवाया जाता है। जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक इस योजना में राशि 38.27 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है।

4. ड्राप आऊट सहरिया छात्राओं हेतु शिक्षा

इस योजना के अन्तर्गत कक्षा 10 की अनुउत्तीर्ण सहरिया छात्राओं को पुनः शिक्षा से जोडने हेतु शिक्षा दिलाई जाती है। जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक इस योजना में 8.13 लाख रूपये व्यय किये जाकर वित्तीय वर्ष 2018–19 में 50 छात्राऐं अध्ययनरत है। सहरिया छात्राओं को छात्रावास भोजन इत्यादि पर प्रति माह राशि रूपये 1200/– प्रति छात्र के हिसाब से 10 माह के लिए दी जाती है।

5. आवासीय विद्यालय भवन निर्माण

इस योजना के अन्तर्गत आवासीय विद्यालय भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कर संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। जनवरी, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक इस योजना में राशि 30.00 लाख रूपये व्यय किये जा चुके है।

अध्याय – 4

माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर

संस्थान के उद्देश्य

संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जनजाति विकास के पंचशील के सिद्धांतों को लागू करने हेतु केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं अन्य संस्थाओं की विभिन्न योजनाओं की क्रियांविती एवं उनके प्रभावों का मूल्यांकन करना, जनजातियों की भावी विकास जरूरतों की पहचान करना एवं राज्य के जनजाति समुदायों के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक पहलुओं पर प्रगतिशील अध्ययन एवं चिन्तन को प्रोत्साहित करना है।

संस्थान का प्रशासनिक स्वरूप

आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, राजस्थान उदयपुर के नीतिपरक मार्गदर्शन में संस्थान अपनी विभिन्न गतिविधियों का संचालन करता है। राज्य स्तर पर प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में प्रमुख शासन सचिव, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जयपुर का मार्गदर्शन तथा दिशा–निर्देशन प्राप्त होता है।

संस्थान के प्रमुख कार्य :–

1. **शोध एवं मूल्यांकन :**

   (अ) मूल्यांकन –

   ग्राम पंचायतों में विकास अंतराल विश्लेषण हेतु सर्वे कार्य कराया गया। जिस पर 2.77 लाख रूपये का व्यय वर्ष 2018–19 में किया गया है।

   (ब) जनजाति शिक्षार्थियों को शोध छात्रवृत्ति :–

   जनजाति समुदाय के अभ्यर्थियों को विद्या वाचस्पति उपाधि (Ph.D.) प्राप्त करने हेतु छात्रवृत्ति अधिकतम 3 वर्ष के लिये प्रदान की जाती हैं।

2. **चिकित्सा एवं तकनीकी (नीट/आईआईटी) प्रवेश परीक्षा पूर्व कोचिंग :**

   चिकित्सा एवं तकनीकी अध्ययन में प्रवेश हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं के माध्यम से कोचिंग योजना अन्तर्गत अनुसूचित क्षेत्र, माडा एवं बिखरी आबादी क्षेत्र के जनजाति छात्र–छात्राओं को चिकित्सा एवं तकनीकी (नीट/आईआईटी) प्रवेश परीक्षा पूर्व कोचिंग, प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से करायी जाती है। वित्तीय वर्ष राशि रुपये 130.71 लाख का निम्नानुसार व्यय हुआ :–

क्र.सं.	क्षेत्र	छात्र संख्या	राशि (लाख रुपयों में)
1.	अनुसूचित क्षेत्र	115	63.25
2.	माडा	98	51.55
3.	बिखरी	31	15.91

3. **कार्यशाला एवं प्रशिक्षण :**

जनजाति विकास से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं नवीन चुनौतियों के संदर्भ में संस्थान की ओर से समय–समय पर कार्यशालाऐं, सेमीनार एवं गोष्ठियाँ आयोजित की जाती है।

वर्ष 2018–19 में पेसा अधिनियम की जानकारी हेतु कार्यशाला तथा जनजाति आश्रम छात्रावास के 291 अधीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मद में राशि रुपये 7.66 लाख रूपये का व्यय हुआ।

4. **कला एवं संस्कृति :–**

जनजातीय कला एवं संस्कृति के विविध पहलुओं से गैर जनजाति समाज को अवगत कराने तथा कला एवं संस्कृति को संरक्षण करने की दृष्टि से विविध कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित किये जा रहे है।

वर्ष 2018–19 में पारम्परिक नृत्य नाटिका "गवरी" के 6 कार्यक्रम उदयपुर शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आयोजित कर विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी करवायी गयी।

तृतीय राज्य स्तरीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर में किया गया तथा राशि रूपये 1.48 लाख व्यय की गयी।

5. **अन्य कोचिंग :**

संस्थान में अनुसूचित क्षेत्र के जनजाति छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जा रही है।

6. **पुस्तकालय एवं प्रकाशन :–**

(अ) पुस्तकालय :– संस्थान के पुस्तकालय में जनजाति समुदाय से संबंधित पुस्तकों/ ग्रन्थों का समृद्ध संग्रहण है। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर 16225 संदर्भ ग्रन्थ व पुस्तकें उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय के साथ ही संचालित वाचनालय में 135 पत्र–पत्रिकाएँ प्राप्त होती हैं।

(ब) **प्रकाशन सहायता** :– प्रकाशन सहायता योजनान्तर्गत मौलिक पाण्डुलिपियों एवं शोध अध्ययन के प्रकाशनार्थ सहायता राशि प्रदान की जाती है। वर्ष 2017–18 में 8 पाण्डुलिपियां को प्रकाशन सहायता प्रदान की गयी। 2018–19 में 8 प्रविष्ठियां प्राप्त हुई है।

(स) **विभागीय प्रकाशन** :– संस्थान की ओर से आईएसएनएन पंजीकृत शोध पत्रिका "**ट्राईब**" का प्रकाशन करवाया जाता है। वर्ष 2018–19 में "**ट्राईब**" खण्ड 49 (3–4),50(1) का प्रकाशन करवाया गया। इस मद में राशि रुपये 0. 28 लाख का व्यय किया गया।

अध्याय–5

राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लि0, उदयपुर

राजससंघ की स्थापना एवं संगठनात्मक ढांचा

राजस्थान के दक्षिण भाग में रह रहे आदिवासियों के विकास एवं कल्याण हेतु वर्ष 1976 में सहकारी अधिनियम 1965 के अधीन राजस संघ को शीर्ष संस्था के रूप में पंजीकृत कराकर स्थापना की गयी। एक वर्ष बाद ही सहरिया परियोजना क्षेत्र भी कार्यक्षेत्र में सम्मिलित किया गया। जनजाति उपयोजना क्षेत्र की 37 एवं सहरिया क्षेत्र की 2 कुल 39 पंचायत समितियों में 320 लेम्पस के माध्यम से एवं सीधे राजस संघ द्वारा अपने उद्धेश्य की पूर्ति कर रहा है।

विभागीय प्रशासन

रजिस्ट्रार, सहकारी समितियॉ, राज0, जयपुर के आदेश क्रमांक प. 94 (5)/नियम/76/पार्ट–2/दिनांक 4.12.2004 द्वारा आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर को राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लि0, उदयपुर का प्रशासक नियुक्त किया गया है।

राजससंघ का प्रधान कार्यालय, उदयपुर में स्थित है तथा अतिरिक्त आयुक्त (द्वितीय), जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, राजससंघ के पदेन प्रबन्ध निदेशक है, इनके अधीन राजससंघ प्रधान कार्यालय में महा प्रबन्धक एवं मुख्य लेखाधिकारी पदस्थापित है। राजससंघ में जिला स्तर पर 4 क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं 2 सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय यथा क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा एवं बारां तथा सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय प्रतापगढ एवं आबूरोड में अवस्थित है।

राजससंघ में अधिकारी/कर्मचारियों की स्थिति

राजस संघ में दिनांक 31.12.2018 तक कुल 162 स्वीकृत पद है व 60 कार्मिक कार्यरत है। इसमें से 44 राजससंघ में तथा 16 कार्मिक जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधीन संचालित आश्रम छात्रावासों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है, 102 पद कार्मिकों की सेवा निवृति/निधन से रिक्त हुए है।

राजस संघ की सदस्यता

राजससंघ के कुल 395 सदस्य है जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

अ– श्रेणी सदस्य	391	प्राथमिक सहकारी समिति (320 लेम्पस, 71 अन्य)
ब– श्रेणी सदस्य	1	बैंक ऑफ बडौदा
स–श्रेणी सदस्य	1	राजस्थान सरकार
द– श्रेणी सदस्य	2	शीर्ष सहकारी संस्था (राजफेड, कोनफेड)
योग–	395	

विभागीय योजनाऐं –

1. मत्स्य योजनाऐं –

1.1. मत्स्य बीज (स्पान) उत्पादन, एवं विभिन्न तालाबों में संचय

राजससंघ की मत्स्य बीज हेचरी जयसमन्द पर वर्ष 2015–2016 के दौरान 134.00 लाख स्पान, वर्ष 2016–2017 में 263.35 लाख स्पान, वर्ष 2017–2018 में 163.50 लाख स्पान व वर्ष 2018–2019 में 208.50 लाख स्पान उत्पादित कर इन वर्षो में क्रमशः 574, 600, 140 व 343 जनजातियों को बीज वितरण कर लाभान्वित किया गया।

1.2. समेकित मत्स्य विकास परियोजना :

राजससंघ द्वारा उपयोजना क्षेत्र के बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं उदयपुर जिलों में समेकित मत्स्य विकास परियोजना के अन्तर्गत छोटे जलाशयों में मछली पालन के माध्यम से स्थानीय जनजाति परिवारों को रोजगार का अतिरिक्त साधन उनके घर के समीप उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त योजना बांसवाड़ा जिले में वर्ष 2006–2007 व डूंगरपुर तथा उदयपुर जिलों में 2007–2008 से तथा प्रतापगढ़ जिलें में वर्ष 2014–15 से संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत अब तक कुल 175 जलाशयों के 1945 हेक्टर जल क्षेत्र में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य से 1646 स्थानीय जनजाति परिवार जुड़े हुए है।

योजना अन्तर्गत वर्ष 2015–2016 में 230 जनजाति मछुआरा सदस्यों को प्रशिक्षण, 574 जनजाति मछुआरों को विभिन्न अवस्था के भारतीय मेजर कार्प के मत्स्य बीज वितरण व 427 जनजातियों को प्रोटिनयुक्त मत्स्य आहार वितरित किया गया। इसी योजना की निरन्तरता के क्रम में वर्ष 2016–2017 में 486 जनजातियों को मत्स्य

बीज वितरण, 560 मछुआरों को नाव–जाल वितरण व 44 जलाशयों में मत्स्य तकनीकी उन्नयन के संबंध में पानी मिट्टी गुणवत्ता परीक्षण कर 538 जनजातियों को लाभान्वित किया गया। इसके साथ वर्ष 2017–2018 में 136 जनजातियों को मत्स्य बीज व 212 जनजातियों को नाव–जाल वितरण कर इनके मत्स्याखेट कार्य को सुदृढ किया गया।

चालू वर्ष 2018–2019 के दौरान योजना अनुसार कुल 336 जनजाति लाभान्वित मछुआरों को 48.00 लाख स्पान, 10.43 लाख फ्राई, 3.43 लाख एडवान्स फ्राई व 1. 14 लाख मत्स्य बीज आंगुलिक वितरित कर लाभान्वित किया गया। वर्तमान में योजना कार्य प्रगति पर है।

योजना अन्तर्गत विगत तीन वर्षो की वित्तीय प्रगति निम्नानुसार हैः–

(राशि रूपये लाखों में)

क्र.स.	गतिविधि	वर्ष			
		2015–16	2016–17	2017–18	2018–19 (दिस. 2018 तक)
1.	समेकित मत्स्य विकास परियोजना	24.30	51.56	36.62	4.97

1.3. जनजाति उपयोजना क्षेत्र में मत्स्य गतिविधि को बढावा दिए जाने के लिए राजससंघ को भारत सरकार से विशेष केन्द्रीय सहायता मद में मत्स्य विकास कार्यक्रम के लिए कुल राशि राशि रूपये 10.00 करोड़ प्राप्त हुए जिसके अन्तर्गत वर्ष 2015–2016 के दौरान राजससंघ की जयसमन्द हेचरी पर एक प्रजनक पोण्ड निर्माण व एक पोण्ड का लीक प्रुफिंग कार्य, 104 नवीन मत्स्य सहकारी समितियों का गठन कर 3224 जनजाति युवक युवतियों को जोडा गया। योजना की निरन्तरता में वर्ष 2016–2017 के दौरान महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की मत्स्य हेचरी विकास एवं सुदृढीकरण, जयसमन्द पर राजससंघ की मत्स्य हेचरी पर एक बीज पालन पोण्ड निर्माण व 374 जनजातियों को विभिन्न मत्स्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसी योजना के क्रम में योजना के प्रावधान के अनुरूप वर्ष 2017–2018 के दौरान जयसमन्द पर जनजाति आवासीय मत्स्य

प्रशिक्षण केन्द्र का भवन निर्माण, चार खुदरा मछली बिक्री दुकान, तेरह बूथ निर्माण, 10 जलाशयों पर दस फिश हेण्डलिंग शेड निर्माण, राजससंघ की जयसमन्द हेचरी पर हेचरी शेड आधुनिकीकरण व भवन मरम्मत निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। इसके साथ ही दो विकेन्द्रीकृत मत्स्य बीज पालन नर्सरी स्थापना, 104 गठित नवीन मत्स्य सहकारी समितियों में से 54 नवीन समितियों का पंजीकरण कार्य पूर्ण व 60 जनजातियों को मत्स्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इसी योजना की निरन्तरता में चालू वर्ष 2018–2019 के दौरान पांच स्थलों पर विकेन्द्रीकृत मत्स्य बीज पालन नर्सरी स्थापना कार्य, पुराने नवीन सात नर्सरी लाभान्वितों को स्पान मत्स्य बीज वितरण व 25 जनजातियों को मत्स्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वर्तमान में योजना कार्य प्रगति पर है।

योजना अन्तर्गत विगत तीन वर्षो की वित्तीय प्रगति निम्नानुसार है:–

(राशि रूपये लाखों में)

क्र. स.	गतिविधि	वर्ष			
		2015–16	2016–17	2017–18	2018–19 (दिस. 2018 तक)
1.	मत्स्य विकास कार्यक्रम (विशेष केन्द्रीय सहायता)	21.98	152.08	186.19	25.09

2 राष्ट्रीय कृषि विकास कार्यक्रम (SCA)

2.1 वर्ष 2016–2017 में विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत कृषि विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिये जनजाति क्षेत्र में जनजाति के बी.पी.एल. कृषकों को बीज मिनीकिट्स वितरण के लिये जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर द्वारा राजससंघ को राशि रूपये 8.28 करोड प्राप्त हुए है। कृषि विभाग के माध्यम से उपयोजना क्षेत्र में निवास करने वाले जनजाति के बी.पी.एल. कृषकों को वित्तीय वर्ष 2017–2018 में खरीफ फसल में कपास, उडद, सोयाबीन के 84450 एवं रबी फसल में चना एवं गेहूं के 40800 मिनीकिट्स जिनका कुल मूल्य 7.74 करोड का निःशुल्क वितरण कर 125250 जनजाति कृषकों को लाभान्वित किया गया।

3 जनजाति स्वरोजगार योजना (SCA)

3.1 विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत जनजाति स्वरोजगार योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015–2016 में स्वीकृत राशि रूपये 200.00 लाख के विरूद्ध वर्ष 2016–2017 एवं 2017–2018 में 1900 बेरोजगार बी.पी.एल. जनजाति युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने के लिये विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाकर राशि रूपये 1900.00 लाख का अनुदान उपलब्ध कराया गया।

व्यावसायिक गतिविधियॉं–

1. उपभोक्ता सामग्री वितरण

राजससंघ द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत जिला रसद विभाग द्वारा संबंधित जिलें में आवंटित तहसील क्षेत्र में नियन्त्रित खाद्यान्न गेहूँ, चावल व चीनी एवं अनियन्त्रित सामग्री के अन्तर्गत नमक एवं चाय वितरण के थोक विक्रेता के रूप में कार्यरत हैं। विगत तीन वर्षो में निम्नानुसार व्यवसाय किया गया है।

(राशि रूपये लाखों में)

क्र.स.	गतिविधि	वर्ष			
		2015–16	2016–17	2017–18	2018–19 (दिस. 2018 तक)
1.	उपभोक्ता सामग्री वितरण	2999.48	3409.64	2063.40	1484.19

2. कृषि उपादान वितरण

जनजाति उपयोजना क्षेत्र में राजससंघ द्वारा कृषि आदान वितरण करता है। विगत तीन वर्षो में निम्नानुसार व्यवसाय किया गया है।

(राशि रूपये लाखों में)

क्र.स.	गतिविधि	वर्ष			
		2015–16	2016–17	2017–18	2018–19 (दिस. 2018 तक)
1.	कृषि आदान वितरण	443.44	524.42	1400.00	342.75

3. लघु वन उपज

जनजाति उपयोजना एवं सहरिया क्षेत्र में उपलब्ध होने वाली लघु वन उपजों में मुख्य रूप से रतनजोत, पुवाड़ कणज़ धतूरी, महुआ, पुवाड़, डोलमा, शहद इत्यादि का संग्रहण करवाता है। विगत तीन वर्षो में निम्नानुसार व्यवसाय किया गया है।

(राशि रूपये लाखों में)

क्र.स.	गतिविधि	वर्ष			
		2015–16	2016–17	2017–18	2018–19 (दिस. 2018 तक)
1.	लघुवन उपज	28.48	81.65	4.68	7.95

अध्याय–6

स्वच्छता, जल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना, उदयपुर (स्वच्छ परियोजना)

स्वच्छ (स्वच्छता, जल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना) जो कि सीडा व यूनिसेफ के आर्थिक सहयोग से चलाई जा रही थी। स्वच्छ की सफलता व अनुभवो को मद्दे नजर रखते हुए इसके स्वरूप को बनाए रखने के लिये एक जनवरी 1996 से एक स्वयं सेवी संस्था (गैर सरकारी) के रूप में पंजीकृत करवाया गया। वर्तमान मे इसी रूप मे निरन्तर क्रियाशील है।

1. स्वास्थ्यकर्मी योजना

अनुसूचित क्षेत्र मे स्वच्छ द्वारा तपेदिक नियन्त्रण कार्यक्रम वर्ष 1996–97 से क्रियान्वित किया जा रहा है। संभावित क्षय रोगियों की जाचं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक के द्वारा की जाती है तथा डॉट्स पद्धति से उपलब्ध कराई गई दवा स्वच्छ परियोजना के ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता (स्वास्थ्यकर्मी) द्वारा रोगी को अपनी उपस्थिति में दी जाती है। दवा के अतिरिक्त प्रत्येक क्षय रोगी को उपचार अवधि में पोष्टिक आहार के रूप में 3 कि.ग्रा. सत्तु प्रतिमाह दिया जाता है।

जनजाति क्षेत्र में वर्तमान में स्वच्छ परियोजना द्वारा क्षय रोग नियंत्रण योजना अन्तर्गत जनजाति क्षेत्रीय विकास मद में ऐसे गांव एवं फलों में जहां पर चिकित्सा सुविधा का अभाव है स्वास्थ्यकर्मी महिला कार्यरत है। स्वास्थ्यकर्मी का चयन गांव वालो द्वारा उनके

गांव की ऐसी महिला जो गांव में जानकारी रखती है तथा गांव वाले उससे परिचित है का किया जाता है। ये महिला क्षय रोग के संभावित रोगी को चिन्हित कर पास के चिकित्सा केन्द्र पर जांच हेतु ले जा कर बलगम जांच करवाती

है तथा क्षय रोग प्रमाणित होने पर रोगी को देखरेख में डॉट्स पद्धति से उपचार करवाती है। साथ ही स्वास्थ्यकर्मी गांव में अन्य चिकित्सा संबंधी सेवाओं में ए.एन.एम. का सहयोग करती है जैसे कुपोषण, परिवार कल्याण, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण कार्यक्रम, यूनिसेफ के माध्यम से मातृ शिशु एवं बाल पोषण (एम.आई.वाई.सी.एन) कार्यक्रम आदि।

मातृ–शिशु एवं बाल पोषण (एम.आई.वाई.सी.एन) कार्यक्रम

मातृ पोषण हेतु सामुदाय आधारित रणनीति के अन्तर्गत स्वच्छ परियोजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर के लसाडिया, सलूम्बर, झाडोल, सराडा, कोटडा/गोगुन्दा, खेरवाडा व आबूरोड में जनजाति बाहुल्य चयनित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ के माध्यम से गर्भावास्था से लेकर बच्चे की दो वर्ष तक की आयु तक उनकी बेहतर देखभाल कर सके।

- गर्भवती महिला एवं बच्चे का 1000 दिवस के दौरान स्वास्थ्य जाचं, वजन, आहार व विशेष परामर्श।
- महिला के गर्भावस्था के 9 माह या 270 दिवस।
- बच्चे के जन्म से 2 वर्ष या 730 दिवस।

मासिक सूचना :

स्वच्छकर्मी अपने क्षेत्र के सभी गर्भवती, धात्री व बच्चों की मासिक सूचना 1000 दिवस रजिस्टर/कार्ड में भरकर ब्लॉक समन्वयकों को उपलब्ध करवा रही है तथा ब्लॉक समन्वयक, कार्यक्रम प्रभारी के द्वारा परियोजना अधिकारी व यूनिसेफ सलाहकार को प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में मासिक रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जा रही है।

क्र.सं.	जिला	कुल गांवो की संख्या	वर्तमान में कार्यरत स्वास्थ्य सहयोगी महिला कार्यकर्ता
1	उदयपुर	1370	1359
2	डूँगरपुर	979	840
3	बांसवाड़ा	1487	1404
4	सिरोही	70	70
5	प्रतापगढ़	563	495
	योग	**4469**	**4168**

वर्तमान में जनजाति क्षेत्र में कुल 4168 स्वास्थ्यकर्मी विभिन्न जिलों में कार्यरत है तथा सहरिया क्षेत्र में कुल 315 स्वास्थ्यकर्मी कार्यरत है। स्वास्थ्यकर्मी को योजना अनुमोदन अनुरूप मासिक निर्धारित मानदेय एवं यात्रा भत्ता रूपये 2200/– के रूप में दिये जाते है।

वर्ष 2018–19 में माह दिसम्बर, 2018 तक 4252 मरीजो का उपचार चल रहा है/पूर्ण हो चुका है।

2. माँ–बाड़ी डे–केयर केन्द्रों एवं माँ–बाड़ी केन्द्रों का संचालन

यह योजना स्वच्छ परियोजना द्वारा वर्तमान में अनुसूचित जनजाति/कथौड़ी एवं सहरिया परिवारों के ऐसे बालक/ बालिका जो शिक्षा से वंचित है, के लिये संचालित की जा रही है।

जिला उदयपुर, डूँगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ एवं सिरोही क्षेत्र में निवासरत जनजाति समुदाय के बालक बालिकाऐं जो आयुवर्ग 6 से 12 के है जिस क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा (मां–बाड़ी केन्द्र पर कक्षा पहली एवं चौथी की शिक्षा) हेतु 1 से 2 कि.मी. पैदल चल कर जाना होता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे बालकों को उन्हीं के फले अथवा गांव में मां–बाड़ी केन्द्र संचालित कर शिक्षा से जोड़ना है एवं इन समुदाय की महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता पैदा करना है। इन मां–बाड़ी केन्द्रों में शिक्षाकर्मी का कार्य करने वाले युवक एवं युवती जनजाति समुदाय के ही होते है। प्रत्येक केन्द्र पर 30 जनजाति बालक/बालिकाओं को नामांकित कर बच्चों को निःशुल्क दोपहर का भोजन एवं एक समय का अल्पाहार, गणवेश, पाठ्य सामग्री इत्यादि उपलब्ध करायी जाती है। जनजाति समुदाय के बालक/बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना तथा जनजाति परिवारों के

बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। यूनिसेफ के माध्यम से जनजाति क्षेत्र में मॉ बाडी संचालन की कार्ययोजना अन्तर्गत यूनिसेफ द्वारा मां बाडी शिक्षा सहायोगियों को नवीन पाठ्यक्रम अनुसार शिक्षा प्रदाय करने की प्रणाली में दक्ष करने की दृष्टि से प्रशिक्षण प्रदान किये जा रहे है। इस क्षेत्र में उदयपुर, डूंगरपुर, बॉसवाडा, आबूरोड के 40 शिक्षाकर्मियों को दक्ष प्रशिक्षक भी बनाया गया है एवम् इसी के साथ शिक्षा विभाग के दक्ष शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के उपरान्त स्वच्छ परियोजना के दक्ष प्रशिक्षक एवं शिक्षा विभाग के चयनित अध्यापकों के माध्यम से नियमित रूप से ब्लॉक स्तर पर अन्य स्वच्छ शिक्षा सहयोगियों को प्रतिमाह पुननिरिक्षण प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

योजना का उद्देश्यः

1. प्रत्येक मॉ–बाड़ी केन्द्र पर जनजाति/ कथौड़ी एवं सहरिया समुदाय के 6 से 12 वर्ष के शिक्षा से वंचित 30 बालकों को प्रारम्भिक शिक्षा हेतु नामांकित करना तथा इसमें बालिकाओं को वरीयता प्रदान करना।
2. इन बालक–बालिकाओं को मॉ–बाड़ी केन्द्र पर नाश्ता एवम् पोषक भोजन उपलब्ध कराना।
3. प्रत्येक बालक–बालिकाओं को पोशाक, जूते, मौजे, टाई, बेल्ट तथा स्वेटर उपलब्ध कराना।
4. खेतीहर मजदूरों के बच्चों का पलायन रोकना तथा अनवरत अध्ययन में सलंग्न करना।
5. अध्ययनरत् बच्चों की माताओं को मॉ–बाड़ी की गतिविधियों से जोड़ना :

–बच्चों के भोजन तैयार करने के लिए 2 जनजाति/ कथौड़ी महिलाओं को प्रत्येक महीने बारी–बारी से दायित्व सौपना और मानदेय देना एवम् स्वयं भोजन करना और बच्चों को भोजन कराना।

–जनजाति/कथौड़ी महिलाओं को प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम से मॉ–बाड़ी केन्द्र के साथ जोड़ना।

–स्वास्थ्य, स्वच्छता के उत्थान हेतु राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करना।

6. मॉ–बाड़ी केन्द्र जनजाति समुदाय द्वारा चयनित ग्राम विकास समिति के माध्यम संचालित किया जा रहा है। समिति द्वारा ही शिक्षाकर्मी की नियुक्ति की जाती है, जो कि समुदाय

के ही स्थानीय बेरोजगार शिक्षित (आठवीं और उच्च शिक्षित) युवक–युवतियों को अध्यापन हेतु प्राथमिकता दी जाती है।

इस प्रकार इस योजना में आदिवासी, सहरिया, कथौड़ी समुदाय के जनजाति परिवारों के बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाकर शिक्षा के पथ पर अग्रसर किया जा सकेगा। आदिवासी परिवारों के बच्चों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

मॉ बाडी डे–केयर एवं मॉ–बाडी केन्द्र में भिन्नता –

क्र. स	मॉ–बाडी डे–केयर	मॉ–बाडी
1	मॉ बाडी डे–केयर में: 2 शिक्षा सहयोगियों एवं 3 सहायिकाओं का प्रावधान है तथा ये केन्द्र प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुले रखे जाते है। जिससे बालक/बालिकाओं के अभिभावक बालकों को केन्द्र पर छोडकर कृषि/मजदुरी कार्य हेतु निश्चिन्त होकर चले जाते है। डे–केयर केन्द्र पर बालको को पूरे दिवस पौष्टिक आहार , खेल शिक्षण कार्य उनकी रूचि अनुसार कराया जाता है।	मॉ बाडी में 1 शिक्षा सहयोगी एवं 2 सहायिका का प्रावधान है तथा ये केन्द्र शिक्षा विभाग के कलेण्डर के अनुरूप कार्य करते है। सभी मॉ–बाडी केन्द्र जनवरी से दिसम्बर तक निरन्तर खुले रखे जाते है। बालक/बालिकाओं को सुबह का नाश्ता एवं दोपहर का पौषाहार उपलब्ध कराया जाता है।
2	वर्ष 2018–19 में डे–केयर संचालन हेतु प्रति डे–केयर राशि रू 5.54 लाख की दर से प्रावधान रखा गया है।	वर्ष 2018–19 में मॉ बाडी केन्द्र संचालन हेतु प्रति मॉ–बाडी राशि रू 3. 42 लाख की दर से प्रावधान रखा गया है।

इन केन्द्रों पर बालको को प्रातः नाश्ता, दोपहर का भोजन, पाठ्य सामग्री, विद्यालय बैग, गणवेष, जूते, मोजे, टाई, ऊनी जर्सी एवं अन्य केन्द्र पर खेल सामग्री इत्यादि नि.शुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इस योजना का मुख्य उदेद्श्य क्षेत्र के बालकों को कुपोषण से मुक्ति दिलाना एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना एवं शिक्षा से जोड़ना है।

माह दिसम्बर 2018 तक 836 डे–केयर एवं 1743 मॉ–बाडी केन्द्रो का संचालन स्वच्छ परियोजना द्वारा ग्राम विकास समितियों के माध्यम से किया जा रहा है।

माँ–बाड़ी डे केयर सेन्टर रूपरेखा–

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सहरिया बालको से चर्चा

डे केयर केन्द्र के मुख्य कार्य निम्न प्रकार से है:–

1. मांबाड़ी डे केयर सेन्टर सुबह 9 बजे से खोले जायेगे तथा शाम 5.00 बजे तक संचालित किये जा रहे है।
2. प्रत्येक मॉ बाड़ी डे केयर सेन्टर में दो शिक्षाकर्मी जिसमें एक महिला तथा एक पुरूष रखी गयी है तथा तीन सहयोगिनियॉ रखी गयी है।
3. प्रत्येक केन्द्र पर 1–4 कक्षा की पढाई की जानी है अतः रखे जाने वाले शिक्षाकर्मी की योग्यता कम से कम 8वीं होना अनिवार्य है विशेष परिस्थितियों में निदेशालय से स्वीकृति लेते हुए रखा गया है।
4. प्रत्येक केन्द्र पर 30 बालक/बालिकाऐं नामांकित किये जाने अनुरूप नामांकित किये गये है।
5. प्रत्येक केन्द्र केवल राजकीय अवकाश पर ही बन्द रहते है शेष समस्त दिनों में मां–बाड़ी डे केयर सेन्टर को खुला रखा जाता है।
6. केन्द्र पर बालक बालिकाओं को सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन शाम का नाश्ता व रात्रि भोजन निम्न समय अनुसार उपलब्ध करवाया जा रहा है।
   - सुबह का आगमन एवं नाश्ता 9.00 बजे
   - दोपहर भोजन 12.00 बजे
   - शाम का नाश्ता 3.00 बजे
   - रात्रि का भोजन 5.00 बजे
7. भोजन उपयुक्त गुणवत्ता का बनाया जाये यह शिक्षाकर्मी/समन्वयक की जिम्मेदारी रहती है।
8. बालक/ बालिकाओं को पढाई के साथ खेल, व्यायाम एवम् मनोरंजन हेतु गीत आदि सिखाये जा कर जिनसे बालकों का मन केन्द्र पर रहने का बना रहता है एवं इसके लिये योजना प्रावधान अनुरूप साधन उपलब्ध करवाये गये है। बालक/बालिकाओं में सफाई के प्रति रूझान रहे एवम् उनका स्वास्थ्य ठीक बना रहे इस हेतु आवश्यकता अनुसार स्नान की व्यवस्था तीनो सहयोगिनियों द्वारा की जाती है जो कि उसी फले एवम् बच्चो की माताओं को योजना प्रावधान अनुरूप लिया गया है।

9. डे केयर सेन्टर संचालन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी गांव की शिक्षा समिति की रहेगी। जिसकी माह के प्रत्येक 18 तारीख को बैठक आयोजित की जायेगी जिसमें डे केयर सेन्टर से सम्बन्धित समस्त निर्णय लिये जायेगे।

10. बैठक का कार्यवाही रजिस्टर समन्वयक द्वारा प्रत्येक माह परियोजना अधिकारी की बैठक में प्रस्तुत करना होता है तथा परियोजना अधिकारी उनके जिले के समस्त डे केयर सेन्टर की वर्तमान स्थिति की तत्थयातमक रिपोर्ट निदेशालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है जिससे इन समुदाय को अधिक से अधिक योजना का लाभ पहुंचाया जा सके।

